


# तरूण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 259 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 19 जून 2024 डाक 20 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
गुवाहाटी में भारी बारिश के बीच एक बाइक सवार भरे पानी से गुजरता हुआ






**देश-विदेश**
उत्तर भारत में लू का कहर, 109 लोगों की गई जान, जम्मू में गर्मी ने तोड़ा 40 साल का रिकॉर्ड





**फीचर पेज**
खाने के बिना तो कई दिन रह सकते हैं आप, पर क्या कभी सोचा बिना पानी कितने दिन तक रहा जा सकता है ?




# पीएम ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए परिसर का किया उद्घाटन, साथ में सीएम नीतीश भी रहे मौजूद

**नालंदा, 19 जून [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार पहुंचे। जहां उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 17 देशों के राजदूत भी शामिल हुए। इससे पूर्व पीएम मोदी ने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर का दौरा कर इसकी जोनकारी ली। बिहार के राजगीर में प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के पास ही नया कैंपस बनाया गया है। इस दौरान उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी दिखे। पीएम मोदी ने इस दौरान पौधारोपण भी किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व धरोहर की सूची में शामिल प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेष के बार में भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण की पटना सर्किल हेड गौतमी भट्टाचार्या से जानकारी प्राप्त की। पीएम नरेंद्र मोदी नालंदा यूनिवर्सिटी पहुंच गए हैं। वह यहां के पुराने धरोहरों का मुआयना कर रहे हैं।

इस दौरान पीएम ने कहा कि मै इसे भारत की विकास के एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल नाम नहीं, यह पहचान है। नालंदा मंत्र, गौरव और गाथा है। आग की लपटों में पुस्तकें में भले जल जाए, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकती। विदेश मंत्रालय के अनुसार मौजूदा नालंदा विश्वविद्यालय को सरकार वैसा ही वैभव दिलाना चाहती है, जैसा 800 साल पहले था। सरकार विश्वविद्यालय को शिक्षा का नया केंद्र बनाना चाहती है। नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना साल 2010 में की गई थी, जिसके लिए सरकार ने बकायदा कानून भी बनाया था। हालांकि तब से अब तक यह अस्थाई भवन में ही चल रहा था। बताया गया कि विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में करीब 8 लाख किताबें रहेंगी। इस कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित 17 देशों के राजदूत भी कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। यह वे देश हैं, जिन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना व इसे चलाने में सहयोग देने के लिए समझौता किया है। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री जयशंकर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। राजगीर के अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस में कुल 24 बड़ी इमारतें हैं। परिसर में 40 कक्षाओं वाले दो शैक्षणिक ब्लॉक हैं, जिनकी कुल बैठने की क्षमता लगभग 1900 है। इसमें 300 सीटों की क्षमता वाले दो सभागार हैं। इसमें लगभग 550 छात्रों की क्षमता वाला एक छात्र छात्रावास है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, 2000 व्यक्तियों तक की क्षमता वाला एम्फीथिएटर, फैकल्टी क्लब और खेल परिसर सहित कई अन्य सुविधाएं भी हैं। यह परिसर एक 'नेट जीरो' ग्रीन कैंपस है। यह सौर संयंत्र, घरेलू और पेयजल शोधन संयंत्र, अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए जल पुनर्चक्रण संयंत्र, 100 एकड़ जल निकाय और कई अन्य पर्यावरण अनुकूल सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भर रूप से कार्य करता है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत खास दिन है। नालंदा का हमारे गौरवशाली अतीत से गहरा नाता है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से युवाओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इससे पहले वे गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे जहां केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने उनका स्वागत किया।

## मध्य प्रदेश में दो सड़क हादसों में चार लोगों की जान गई, खरगोन व पन्ना में हुआ हादसा



**भोपाल, 19 जून [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में बुधवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। पहली दुर्घटना खरगोन क्षेत्र में हुई, जबकि एक अन्य हादसा पन्ना जिले में हुआ। खरगोन प्रतिनिधि के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई। यहां इंदौर की ओर जा रही बस की मिनी ट्रक से टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। इस दुर्घटना में दो यात्रियों की जान चली गई। दुर्घटना में 20 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। बताया गया कि यह दुर्घटना कसरावद और भीलगांव के बीच हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों वाहनों के बीच टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक का चालक केबिन में ही फंस गया था। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद ट्रक चालक को केबिन के बाहर निकाला गया।सूचना पर पुलिस-प्रशासन के लोग मौके पर पहुंच गए थे।

घायलों को उपचार के लिए कसरावद के अस्पताल भेजा गया है। गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को इलाज के लिए खरगोर रेफर किया गया है। पन्ना प्रतिनिधि के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब 5 बजे हुई। पन्ना-अमानगंज घाटी पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 5 अन्य घायल हो गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए पन्ना के अस्पताल भेजा गया है। मृतक और घायल सभी मजदूर बताए गए हैं।

## नक्सलियों की कायराना करतूत फिर आई सामने, प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल

**बीजापुर, 19 जून [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक बार फिर नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है। खबरों के अनुसार बीजापुर के थाना उसूर क्षेत्र के अंतर्गत पटेलपारा नड़पल्ली निवासी 60 वर्षीय महिला जोगी टोरा बीनने के लिये सुबह खेत के समीप जंगल गई हुई थी। इसी दौरान महिला नड़पल्ली के जंगल में बुधवार सुबह करीब 6.30 बजे नक्सलियों द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गई।

इस घटना में महिला बुरी तरह घायल हो गई। महिला के दोनों पैरों में गंभीर चोंट पहुंची है। घायल महिला को उसूर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है। एसपी जितेंद्र यादव ने इस घटना की पुष्टि की है।

## विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका, बीजेपी में शामिल हुई किरण चौधरी



**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस नेता किरण चौधरी अपनी बेटी श्रुति चौधरी के साथ हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और भाजपा नेता तरुण चुघ की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुईं। किरण चौधरी ने क्यों छोड़ी पार्टी किरण चौधरी कांग्रेस की नेता थी। वह नेताप्रति पक्ष भी रहीं. लेकिन भूपेंद्र हुड्डा से उनका 36 का आंकड़ा रहा है। किरण चौधरी एसएआरके गुट से थी। एसआरके यानी शैलजा, सुरजेवाला और किरण। बड़ी बात है कि किरण अपनी बेटी के लिए हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में टिकट मांग रही थी, लेकिन कांग्रेस ने राव दान सिंह को टिकट दिया था। उन्होंने कहा कि उन्हें बेइज्जत भी किया गया। उन्होंने इस्तीफा देने के पीछे बिना नाम लिए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जिम्मेदार ठहराया।

## धर्म पर विवादित पोस्ट, आरोपी को जमानत मिलने पर हुआ हंगामा

**दुर्ग 19 जून ।** जिले में सोशल मीडिया पर धर्म को लेकर विवादित पोस्ट के आरोपी को भिलाई तीन पुलिस ने गिरफ्तार किया, लेकिन 24 घंटे के अंदर जमानत मिल गई। विशेष संप्रदाय के लोग फिर से विरोध में उतर आए। उन्होंने भिलाई तीन तहसील कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। जब प्रदर्शन उग्र रूप लेने लगा तो एसपी के निर्देश पर पुलिस वालों ने प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़कर बाहर किया। विरोध करने वाले लोगों का कहना है कि पुलिस आरोपी के खिलाफ जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। इससे उसे न्यायालय में पेश करते ही जमानत का फायदा मिल गया।

## आतंकी निज्जर के लिए फिर जाग उठा कनाडा का प्रेम खालिस्तानी के लिए संसद में रखा गया एक मिनट का मौन

**नईदिल्ली, 19 जून [एजेंसी]।**



खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के लिए कनाडा का प्रेम कम नहीं हो रहा। कनाडा की संसद ने मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के लिए एक मिनट का मौन रखा। हाउस ऑफ कॉमन्स में पहले स्पीकर ग्रेग फर्गस ने निज्जर को लेकर शोक संदेश पढ़ा। इसके बाद उन्होंने सभी सांसदों से खालिस्तानी आतंकी को मौन रखने के लिए कहा। हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून को कनाडा के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। निज्जर की मौत के लिए कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत के एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़ गए थे। भारत ने साफ तौर पर कहा कि कनाडा की ओर से जो भी आरोप लगाए गए हैं, वो बेबुनियाद है। कुछ दिनों पहले पीएम नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच जी-7 समिट में मुलाकात हुई थी।

इस मुलाकात के बाद ट्रूडो ने कहा कि भारत के साथ कई बड़े मुद्दों पर समन्वय है और उन्हें आर्थिक संबंधों और राष्ट्रीय सुरक्षा समेत विभिन्न मसलों पर नई भारतीय सरकार के साथ बातचीत का अवसर दिखाई दे रहा है। माना जा रहा था कि कनाडा, भारत के साथ संबंध बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन आतंकी निज्जर के प्रति कनाडा की सहानुभूति कम नहीं हो रही।

## असम में बाढ़ से बिगड़े हालात, करीमगंज में भूस्खलन से तीन नाबालिगों समेत पांच लोगों की मौत



**करीमगंज, 19 जून [एजेंसी]।**

असम के करीमगंज जिले के बदरपुर इलाके में भूस्खलन में तीन नाबालिगों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक, पार्थ प्रोतिम दास ने जानकारी दी कि असम में बाढ़ की स्थिति अभी भी गंभीर है। राज्य में बाढ़ की वजह से 15 जिलों के 1.61 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ की वजह से राज्य में अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ की वजह से ब्रह्मपुत्र नदी का जलस्तर बढ़ गया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी कोपिली का जलस्तर नागांव जिले के कामपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को एक सप्ताह का पूर्वानुमान जारी करते हुए गुवाहाटी में लगातार बारिश होने की भविष्यवाणी की है। चक्रवात रेमल के कारण असम में भारी बारिश हुई है, जिससे व्यापक बाढ़ आ गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, बाढ़ के कारण 14 जिले और 309 गांव प्रभावित हुए हैं, जिनमें करीमगंज सबसे अधिक प्रभावित है।

## दिल्ली में अब तक की सबसे गर्म रात का बना नया रिकॉर्ड 35.2 डिग्री तक पहुंचा तापमान, 13 साल बाद हुआ ऐसा

**नईदिल्ली, 19 जून [एजेंसी]।**

राजधानी दिल्ली में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। अब दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी तापमान गर्मी के पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा है। ताजा जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में अब तक की सबसे गर्म रात का नया रिकॉर्ड बना है। बेस वेधशाला सफदरजंग ने आज बुधवार को न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जिसने 3 जून 2010 के 34.7 डिग्री सेल्सियस के उच्चतम न्यूनतम तापमान को तोड़ दिया।

गर्मी की इस ऐतिहासिक लहर में राष्ट्रीय राजधानी में लगातार 37 दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है। इस बीच, मौसम विभाग ने राहत भरी खबर दी है। विभाग के अनुसार आज शाम से कल रात तक धूल भरी आंधी और बारिश की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

## अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने किया तिब्बत की आजादी का समर्थन, आज बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा से करेगा मुलाकात



**धर्मशाला।** भारत पहुंचा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आज बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करेगा। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल धर्मशाला स्थित दलाई लामा मंदिर पहुंचा। वहीं, इस मुलाकात को लेकर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है और अमेरिका पर दुनिया को गलत संकेत भेजने और दलाई लामा धर्म की आड़ में चीन विरोधी अभियान चलाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी संसद में विदेशी मामलों के समिति के अध्यक्ष माइकल मैकोल की अगुवाई में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भारत पहुंचा था। यहां धर्मशाला में तिब्बती समुदाय द्वारा स्वागत किया गया। आज प्रतिनिधिमंडल दलाई लामा से मुलाकात करने के साथ ही भारत सरकार के अधिकारियों और अमेरिकी व्यवसायियों से भी मिलेगा।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल अमेरिकी संसद के प्रतिनिधि सदन की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी ने निर्वासित तिब्बत सरकार की संसद को संबोधित किया और तिब्बत की आजादी का समर्थन करते हुए उसे आजाद देश की मान्यता देने की भी बात कही है। इस प्रस्ताव को अमेरिका के निचले सदन में भी पास कर दिया गया है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## कोल लेवी वसूलने वाले पांच आरोपित गिरफ्तार, सूर्यकांत तिवारी के लिए करते थे वसूली



**रायपुर, 19 जून [एजेंसी]।**

कोल लेवी घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में कोल लेवी वसूली करने वाले पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जेल में बंद घोटाले के किंगपिन सूर्यकांत तिवारी के लिए ये लेवी वसूलने का काम करते थे। इनका नाम ईडी की जांच में भी सामने आया था।कोर्ट ने 22 जून तक सभी को ईओडब्ल्यू की रिमांड में भेज दिया। छत्तीसगढ़ में कोल स्कैम केस में ईओडब्लू लगातार एक्शन मोड में है। ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किए गए मोइनुद्दीन कुरैशी, रोशन कुमार सिंह,पारेख कुमार कुर्रे,राहुल कुमार सिंह और मोंटू उर्फ वीरेंद्र कुमार जायसवाल को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेशकर 14 दिन की रिमांड मांगी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने पांचों आरोपितों को पांच दिन यानि 22 जून तक की रिमांड पर ईओडब्ल्यू को सौंपने का आदेश दिया। इन पर रायपुर, कोरबा, सूरजपुर में रहकर कोल लेवी वसूलने का आरोप है।अब आरोपितों से घोटाले से संबंधित विस्तृत पूछताछ होगी। उम्मीद जताई जा रही है कि इनसे घोटाले से जुड़े कई राज खुल सकते है। कोल घोटाले केस में सभी आरोपी तकरीबन डेढ़ साल से जेल में बंद है। प्रवर्तन निदेशालय ने कोल स्कैम में 11 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें केवल कारोबारी सुनील अग्रवाल को जमानत मिली है। ईओडब्ल्यू जल्द ही उनको भी गिरफ्तार करने वाली है। ईओडब्ल्यू का आरोप है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में प्रभावशाली लोगों ने मिलकर अवैध कोल परिवहन घोटाला किया था। यह घोटाला 540 करोड़ से ज्यादा का है।

## मक्का में भीषण गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 50 डिग्री के पार तापमान, अब तक 550 जायरीनों की मौत




**यरुशलम।** इस साल गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के पार तक जा चुका है। चिलचिलाती धूप से हर कोई परेशान हैं। वहीं, यह गर्मी हज यात्रियों के लिए मुसीबत बन गई है। अब तक हज यात्रा के दौरान कम से कम 550 जायरीनों की मौत हो गई है। यह जानकारी राजनयिकों ने दी। दो अरब राजनयिकों ने जानकारी देते हुए कहा कि अधिकांश की मौत गर्मी से संबंधित बीमारियों के कारण हुई है। वहीं मरने वालों में अकेले मिस्र के 323 नागरिक हैं। वहीं, एक राजनयिक ने बताया कि सभी जायरीनों की भीषण गर्मी के कारण जान गई है। सिवाय एक शख्स के जो भीड़ में बुरी तरह से घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि कुल आंकड़े मक्का के पास अल-मुआइसिम में स्थित अस्पताल के मुर्दाघर से हासिल हुए हैं।

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से की समीक्षा

## योग दिवस, शाला प्रवेश उत्सव, खाद-बीज उठाव, पीएम जनमन सहित अन्य योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति,एवं जनहित के महत्वपूर्ण कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आम नागरिकों से जुड़े कार्यो व समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उन्हें राहत पहुँचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्री अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, समस्त एसडीएम सहित सभी विभागों में अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी, खाद बीज वितरण, पीएम जनमन योजना सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं, निर्माण कार्यो, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, आदि राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए टीएल के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन के प्रकरण अनावश्यक लंबित नहीं होने चाहिए। कलेक्टर श्री वसंत ने विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा करते हुए सभी एसडीएम सहित अधिकारियों को फील्ड पर जाकर विभागीय कार्यों तथा निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी जमीनी स्तर से प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिक्रमण पर विशेष नजर रखने एवं जिले में ग्रामीण, शहरी इलाकों में हाल ही में किए गए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को शीघ्र हटाने हेतु निर्देशित किया।

21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योग दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले योग शिविर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभाग प्रमुखों को शिविर में हिस्सा लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी 21 जून को निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुँच कर योग शिविर में भाग लेंगे। साथ ही आम जनों की सहभागिता के लिए जन जागरूकता लाने हेतु कार्य करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने शाला प्रवेशोत्सव 2024 उत्साह के साथ शाला स्तर से लेकर जिला स्तर तक आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव के तहत विद्यालयों की साफ-सफाई, शाला प्रवेशोत्सव हेतु नव प्रवेशी छात्रों की जानकारी तैयार करने, उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण सहित अन्य तैयारियां जिला व विकासखण्ड स्तर पर पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही आंगनबाड़ी से निकलने वाले सभी बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराने की बात कही। कलेक्टर ने जिले में खाद-बीज भंडारण की समीक्षा करते हुए सभी समितियों में उन्नत किस्म की रासायनिक खाद एवं बीज का भंडारण कराने के निर्देश दिए। जिससे किसान समितियों के माध्यम से आवश्यकतानुसार खाद बीज समय पर प्राप्त कर सके। पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को पीव्हीटीजी समुदाय को शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने की बात कहा। कलेक्टर ने पीव्हीटीजी वर्ग के वंचित हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उनका आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पट्टा, पीएम किसान सम्मान निधि, जन धन खाता, जैसे अन्य योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी भवनविहीन स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र न हो। इस संबंध में आवश्यकतानुसार डीएमएफ अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के निर्देश भी दिए। एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन शालाओं में नए शैक्षणिक सत्र से शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। इस हेतु स्कूलों में रिक्त शिक्षकों के पदों पर अतिथि व्याख्याता व अतिथि शिक्षकों की भर्ती शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि उच्चतर विद्यालयों में विशिष्ट विषयों के पदों पर किसी शिक्षकों की कमी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों में रिक्त पदों पर रखने के निर्देश देते हुए आदिवासी विभाग से समन्वय बनाकर पीवीटीजी वर्ग के युवाओं को योग्यता अनुसार नियुक्ति देने की बात कही।

कलेक्टर ने जिले में जाति प्रमाण पत्र बनाने कार्य की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु सभी एसडीएम व जिला शिक्षा अधिकारी को प्रभावी कार्ययोजना से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों में विद्युतीकरण, पहुँचमार्ग, विद्युतविहीन गांवों में विद्युतीकरण के सम्बंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण राज्य शासन से प्राप्त नए निर्देशों के अनुसार करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभाग अंतर्गत वर्ष 1990 के पश्चात् हुए भू-अर्जन के प्रकरणों का रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए राजस्व विभाग को दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि अतिक्रमण पर कार्यवाही की जा सके।

कलेक्टर ने तहसीलवार राजस्व के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत कर आमजनों को राहत पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक समय सीमा के बाहर नहीं होना चाहिए। सभी राजस्व अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के समय-सीमा के लंबित प्रकरण, पीएम पोर्टल एवं मुख्यमंत्री जन चौपाल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की एवं शीघ्रता से निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

# जिले में आज मनाया जाएगा विश्व सिकलसेल दिवस




कोरबा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध और समावेशी भारत की कल्पना को साकार करते हुए देश को सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने के लिए सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत 0 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग कर पोर्टल में एंट्री की जा रही है। प्रतिवर्ष की भांति 19 जून 2024 को विश्व सिकल सेल दिवस मनाया जाएगा। विष्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस वर्ष की थीम प्रगति के माध्यम से आषा: विष्व स्तर पर सिकल सेल देख-भाल को आगे बढ़ाना घोषित किया गया है। इस अवसर पर जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रो में सिकल सेल संबंधित जनजागरूकता, प्रचार-प्रसार, काउंसिलिंग तथा सिकल सेल जेनेटिक कार्ड वितरण किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित संस्थाओं को पत्र जारी किए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने सिकल सेल उन्मूलन मिशन कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि किसी बीमारी का प्रभाव अकेले रोगी पर नहीं बल्कि पूरे परिवार पर पड़ता है। सिकल सेल बीमारी के बारे में शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ शीघ्र पता लगाने और उपचार सुनिशचित करने के लिए स्क्रीनिंग और जागरूकता दोनों रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होने बताया कि सिकल सेल (एस.सी.डी.) वंशानुगत रक्त विकार है जो लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है। स्वस्थ लाल रक्त् कोशिकाए आमतौर पर गोल और लचीली होती है जिससे वे रक्त वाहिकाओं के माध्यम से आसानी से आगे बढ़ सकती हैं और पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुँचाती है। सिकल सेल एनीमिया में कुछ लाल रक्त कोशिकाएं दरांती या अर्धचन्द्राकार आकार की होती हैं । ये सिकल कोशिकाएं कठोर और चिपचिपी हो जाती हैं, जो रक्त प्रवाह को धीमा या अवरुद्ध कर सकती हैं। इस कारण असहनीय दर्द, अंग क्षति और कई स्वास्थ्य समस्याएं हो जाती हैं। सिकल सेल एनीमिया के लक्षण आमतौर पर 6 महीने की उम्र के आसपास दिखाई देते हैं। ये हर व्यक्ति में अलग-अलग होते है और समय के साथ बदल सकते हैं। उन्होंने इसके लक्षण के संबंध में बताया कि किसी बच्चे या गर्भवती महिला में एनीमिया(खून की कमी) से आंखों में पीलापन के साथ-साथ बदन मे तेज दर्द, कोहनी या घुटनों में सूजन व दर्द, बार-बार बुखार आना, बार -बार संक्रमण होना, थकावट, भूख ना लगना तथा उँचाई सामान्य से कम होना हो सकते हैं।

सीएमएचओ ने बताया कि समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिनो को निर्देशित किया गया है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में सिकल सेल एनिमिया के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा लोगों को बताएं कि शादी से पहले वर-वधु का सिकलिग जांच/ सिकल सेल टेस्ट कराना बहुत जरूरी है जिससे इस खतरनाक बिमारी से खुद को बचाया जाए तथा होने वाली संतान को इससे दूर रखा जा सके।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जिले के नागरिकों से आग्रह किया है कि सिकल सेल के लक्षण ग्रस्त व्यक्ति अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर सिकल सेल की निःशुल्क जांच अवश्य कराएं। 0 से 40 वर्ष के उम्र के सभी लोग सिकल सेल की निशुल्क जांच करा सकते हैं। इसका उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है।

# जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



कोरबा। बलोदा बाजार जिले की घटना एवं घटना के उपरांत प्रशासन एवं पुलिस के द्वारा अपेक्षा अनुरूप निर्णय न लेकर निरीह एवं आमजनमानस को लगातार परेशान किए जाने को लेकर एवं संपूर्ण छत्तीसगढ़ की लचर कानून व्यवस्था के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कोरबा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन सुभाष चौक निहारिका के समीप किया गया।

कटघोरा पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब हो गयी। भाजपा सरकार के राज्य में अपराधी बेलगाम हो गये है। नागरिक और समाज का हौसला बनाये रखना और कोई घटना हो उससे पहले सख्ती से कार्यवाही करना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन भाजपा सरकार सभी पैमानों और बिंदु में असफल हुयी है।सभा को संबोधित करते हुए सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ने कहा कि सतनाम समाज शांति का पुजारी है । गुरु घासीदास के अनुयायी होने के नाते हमेशा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हैं। और आज भाजपा सरकार समाज के साथ षड्यंत्र करके छल कर रही है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर श्रीमती सपना चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि बलोदा बाजार की घटना इस सरकार की नाकामी का नतीजा है । छत्तीसगढ़ में जब भी पुलिस के द्वारा आम जनता किसानों एवं आदिवासियों के ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया या गोलीकांड किया गया। तब तब भाजपा की सरकार रही है । भाजपा हमेशा आम जनता का दमन करती रही है।कार्यक्रम आयोजन सहप्रभारी राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि बलौदाबाजार प्रकरण में बेकसूर लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है। लेकिन आयोजनकर्ता, टेंट लगाने वाले, भोजन व्यवस्था वालों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है? वो पुलिस के नाक के नीचे बैठे है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर बात करते तो कोई रास्ता निकल जाता और जो जानकारी है उसको साझा करते।धरना प्रदर्शन आयोजन के सहप्रभारी हरीश परसाई ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश की भाजपा सरकार से बलोदा बाजार घटना की सीबीआई जांच की मांग करती है और निर्दोष लोगों को जो पुलिस ने पकड़ के रखा है उन्हें छोड़ने की मांग करती है तथा गिरौधपुरी एवं बलौदा बाजार के असल दोषियों को पकड़ने की मांग करती है साथ ही साथ हम पुलिस से भी या मांग करते हैं कि वह सार्वजनिक करेंश्यामसुंदर सोनी,नारायण प्रसाद कुर्रे, महेन्द्र सिंह चौहान, प्रदीप पुरायणे, दुष्यंत शर्मा, देवप्रसाद रत्नाकर, पुष्पा पात्रे, राकेश पंकज, विकास सिंह (विक्की), यु आर महिलांगे, सनीस कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सहप्रभारी राजकिशोर प्रसाद ने किया और आभार प्रदर्शन संतोष राठौर ने किया।धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप उषा तिवारी, देवप्रसाद रत्नाकर, रामकुमार सिंह राठौर, मुकेश राठौर, सुरेश सहगल, रवि खुंटे, विरेन्द्र चंदन, बुद्धेश्वर प्रसाद चौहान, विजय आनंद, अश्वनी पटेल, दीपक टण्डन, प्रशांत सिंह, नारायण लाल कुर्रे, गंगाराम भारद्वाज, टेकराम श्रीवास, बिसाहूराम कुम्भकार, संजू अग्रवाल, बसंत कुमार चन्द्रा, आरिफ खान, त्रिवेणी मिरी, गीता गभेल, द्रोपदी तिवारी, हाजी इकबाल दयाला, रवि पी सिंह, अशोक नारंगे, संतोष कुमार यादव, हीरालाल गोस्वामी, जनमपुरी गोस्वामी, लक्ष्मण लहरे, सीताराम चौहान, अरमान, सच्चिदानंद राय, के एल मिश्रा, के ए नरसिंहा, शशी अग्रवाल, रवि पी सिंह, रूपा मिश्रा, अशोक कुमार श्रीवास, चित्रलेखा श्रीवास, प्रदीप राम जायसवाल, मो. यूनूस मेमन, डॉ. गोपाल यादव, राजेन्द्र सूर्यवंशी, चंद्रकुमार पाण्डेय, महेन्द्र सिंह चौहान, रामकुमार चन्द्रा, पवन कुमार चौहान अनवर रजा, सुखसागर निर्मलकर, अभय सिंह, गणेश दास महंत, किसन श्रीवास, अरविंद सिंह, लक्ष्मीनारायण देवांगन, मनहरण कुमार राठौर, गजानंद प्रसाद साहू, पवन विश्वकर्मा, शकील अंसारी, वीरू मांझी, गोलू, संजय यादव, संतोष कुमार गोंड, छबिराम, विजय कुमार, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, टिंकी मानिकपुरी, हमीदुनू, रेशमा बेगम, शैलेन्द्र सिंह, संतोष लांझेकर, लक्ष्मी बंछोर, अर्चना उपाध्याय, सुभाष, गनेश राम बघेल, लखन लाल सहीस, लक्ष्मी महंत, मुन्नी नायक, कुंजबिहारी साहू, विरेन्द्र कुमार राठौर, श्यामा सारथी, मोंगरा चतुर्वेदी, रंजीता सारथी, सुशीला महंत, शीला वर्मा, दिलेश्वरी देवांगन, सुमित्रा शर्मा, प्रमिला वर्मा, रानी रामबाई महंत, मनिषा, इतवारा शर्मा, ममता शर्मा, पुनीबाई कुर्रे, संगीता बरेठ, जगर बाई नामदेव, गिन्ती देवी, राजेश्वरी, गनेशी महंत, किरण महंत, बुधवारा बाई पटेल, नेतादून विद्या नामदेव, मंजू नामदेव, चमरिन नामदेव, रेनु साहू, सुभावती साहू, ममता साहू, मंजू साहू, रोशनी बघेल, नानबाई बघेल, अनिता सारथी, सरिका सिंह, रिता साह, रिया यादव, लीलावती, शिवकुमारी सारथी, सुमन साहू, पंचराम सारथी, कुमार बघेल, चेतन साहू, मंजू नामदेव, मधु नामदेव, बंसती महंत, दामिनी नेताम, नंदनी महंत, चन्द्रिका चौहान, मीरा देवी, हीरा चौहान, कुन्ती महंत, रजनी चौहान, बिन्दू चौहान, मोंगरा बाई, पुष्पा महंत, अमिना, कान्ति बाई, चांदनी साहू, अकती चौहान, सत्यम, रंभन दास, मीरा महंत, संगीता जांगडे, श्यामबाई खंटे, राजेन्द्र महंत, अजय दीवान उपस्थित थे।

### मेरिट में स्थान प्राप्त किए चयनित विद्यार्थियों को नीट/जेईई की बेहतर तैयारी हेतु की जा रही व्यवस्था

कोरबा । जिला प्रशासन द्वारा कोरबा जिले के मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले 100 छात्र-छात्राओं (50 विज्ञान व 50 गणित) के लिए नीट व जेईई जैसी प्रवेश परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी हेतु रायपुर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था ऐलेन में प्रवेश दिलाया जा रहा है। संस्था में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों का शैक्षणिक शुल्क, भोजन, आवास सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कोरबा जिले के शासकीय विद्यालय से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं जो कि अपनी आगे की पढ़ाई गणित अथवा विज्ञान विषय लेकर करने इच्छुक हैं एवं आगे जेईई व नीट की तैयारी करना चाहते हैं। जिला स्तर पर गणित एवं विज्ञान विषय में रुचि रखने वाले दोनों संकाय के ऐसे 50-50 छात्र-छात्राओं का मेरिट आधार पर चयन किया गया है। साथ ही चयन प्रक्रिया में जिले में निर्धारित आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है। ये चयनित 100 छात्र-छात्राएं रायपुर में अगले दो वर्ष तक 11वीं व 12वीं कक्षा की अध्यापन के साथ ही जेईई व नीट की बेहतर तैयारी करेंगे। विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सहित आवासीय सुविधा पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।उन्होंने बताया कि इन छात्रों के कोचिंग के लिए प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान से कोटेशन प्राप्त किया गया तथा संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराए गए जानकारी में शिक्षण शुल्क एवं उपरोक्त परीक्षा की तैयारी के लिए संबंधित प्रतिष्ठान का सक्सेस रेट आधार पर ऐलेन कोचिंग इंस्टीट्यूट रायपुर ब्रांच का चयन किया गया है।

## करोड़ की लागत से बनाया पुल पर एप्रोच रोड नहीं होने से स्थानीय निवासी परेशान

कोरबा । कोरबा जिले में ग्रामीणों की मांग पर लगभग 4 साल पहले झोराघाट में हसदेव नदी पर लगभग 22 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। पिछले साल यह पुल बनकर तैयार हुआ, लेकिन 40 मीटर लंबी इस पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड नहीं बना। जिससे स्थानीय लोगों सहित अन्य को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए नगर पंचायत छुरी के करीब ग्राम झोराघाट में हसदेव नदी पर लगभग 22 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया गया है लेकिन इसके दोनों ओर एप्रोच रोड नहीं बना, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

एप्रोच रोड के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका हैं। यह पुल एक तरफ अजगरबहार तहसील के गांव कोडियाघाट और दूसरी तरफ कटघोरा तहसील के गांव गढ़तरहा को आपस में जोड़ता है। लेकिन अभी तक पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड का निर्माण नहीं हुआ है। बताया जाता है कि पुल से झोराघाट गढ़तरहा तक कुछ निजी जमीन पड़ रही है इसमें 4-5 बड़े पेड़ हैं। एप्रोच रोड बनाने के लिए इस जमीन का अधिग्रहण किया जाना है और पेड़ों की कटाई के बदले किसानों को मुआवजा मिलना है लेकिन अभी तक जिला प्रशासन ने गढ़तरहा एप्रोच रोड के लिए जमीन का अधिग्रहण नहीं है और न ही मुआवजा दिया है। इससे गांव के लोग नाराज हैं

# शास. उचित मुल्य की दुकानों में बड़ा हेरफेर, लाखों की गड़बड़, खाद्य विभाग की शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

कोरबा । शहर में संचालित होने शासकीय उचित मुल्य की दुकानों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। सरकारी अनाज की अफरा-तफरी करने के मामले को खाद्य विभाग ने काफी गंभीरता से लिया है और रिकवरी का नोटिस जारी करने के बाद भी जुर्माना की राशि नही पटाने वाले संचालकों के खिलाफ अपराध दर्ज करने संबंधित थाना-चौकी में शिकायत दर्ज कराई है,जिसके आधार पर पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरु कर दी है।कोरबा शहर के साकेत नगर, दादरखुर्द, भिलाई खुर्द और डिंगापुर में संचालित होने शासकीस उचित मुल्य की दुकान का संचालन करने वाले स्व सहायता समूह ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। सरकारी अनाजों की हेर-फेर कर सरकार को लाखों का चूना लगाया है। मामला सामने आने के बाद खाद्य विभाग ने संबंधितों को नोटिस जारी कर रिकवरी के लिए नोटिस भेजा था,लेकिन किसी ने भी जुर्माना नहीं पटाया यही वजह है कि खाद्य विभाग ने संबंधित थाना चौकी में शिकायत कर अपराध दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि दादर सोसायटी से 24 लाख, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में संचालित सोसायटी से 22 लाख और सीएसईबी चौकी क्षेत्र में संचालित सोसायटी से लाखों की वसूली करनी है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा ने बताया,कि शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा जरुरी कार्रवाई की जा रही है।प्रारंभिक तौर पर बात सामने आई है,कि सोसायटी संचालकों ने गरीबों के अनाज पर डाका डालकर उसे बेच दिया और अपने निजी स्वार्थों की सिद्धी की। अब जब पुलिस कार्रवाई का डंडा चलना शुरु हो गया है, तो उनके पसीने छूटने लगे है।

जिले में ऐसे कई और भी सोसाइटी हैं जहां खाद्य विभाग को रिकवरी करना है कई बार नोटिस भी जारी किया गया कई दुकानों से रिकवरी लेकिन अभी भी कई दुकान ऐसे हैं जिन्होंने अब तक राशि नहीं पटाया है। विभाग में इस बार कड़ा रूप अपनाते हुए संबंधित थाना चौकी को लिखित में कार्रवाई करने आवेदन दिया है जिसमें मानिकपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई है कि दादर खुर्द स्थित मां कंकालिन स्व सहायता समूह के द्वारा लाखों रुपए रिकवरी किए जाने हैं। वहीं सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान से भी रिकवरी किया जाना है इसकी शिकायत लिखित थाने में दर्ज कराई गई है वही सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत साकेत नगर में भी शासकीय उचित मूल्य की दुकान में गड़बड़ी पाई गई है जहां पुलिस से शिकायत की गई है इसके अलावा कई और जगह है जिनकी शिकायत की जानी है इस शिकायत के शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालकों में हड़कंप मच गया है। बहरहाल देखने वाली बात होगी,कि पुलिस की कार्रवाई कहां तक जाती है।

## निगम के दो अधिकारी चढ़े एसीबी के हत्थे,अन्य अधिकारियों में हड़कंप..

कोरबा। छत्तीसगढ़ जिला कोरबा में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) बिलासपुर की टीम ने घूसखोरों पर कड़ी कार्रवाई की है। मामला नगर पालिक निगम कोरबा के अधीनस्थ जोन कार्यालय दर्री का मामला है वही निगम अधिकारी (एसडीओ) डी.सी. सोनकर ने प्रार्थी मानक राम साहू (ठेकेदार) के निर्माण कार्य से सम्बंधित उपयोग भुगतान किए गए रनिंग बिल व फाइनल बिल की राशि लगभग 21 लाख रुपये में से 2 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई थी, जो कुल 42 हजार रुपये होती थी। वही प्रार्थी द्वारा इस बात की शिकायत एसीबी बिलासपुर में की गई है। शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर आरोपी सोनकर द्वारा 42000 की जगह 35000 रुपये लेने हेतु सहमती दी गई। जिसके बाद एसीबी के उप पुलिस अधीक्षक अजितेश सिंह की अगुआई में 9 सदस्यीय टीम ने निगम के दर्री जोन कार्यालय में दबिश दी। वही एसीबी टीम की योजना अनुसार आरोपी सोनकर को 35000 हजार रुपये देने गया तो अरोपी सोनकर ने अपने सब इंजीनियर देवेंद्र स्वर्णकार को देने हेतु प्रार्थी मानक राम साहू को कहा। जिस पर प्रार्थी द्वारा अरोपी देवेंद्र को रिश्वत की रकम दर्री जोन के ही कार्यालय दिया गया। दोनों अधिकारी रिश्वत लेते रकम के साथ पकड़ा गया है। वही दोनों अरोपी को अभिरक्षा में लेकर उनके विरुद्ध धारा 7,12 पीसी एक्ट 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस पूरे मामले में निगम अधिकारियों के मध्य हड़कंप मचा हुआ है और यही भय सता रहा है की अगला नंबर जिसका होगा।

## कोटमेर में शराब पीने के कुछ देर के भीतर ही तीन ग्रामीणों की मौत..



कोरबा । कोरबा में जहरीली शराब पीने से मौत जैसा मामला सामने आया है। यहां के वनांचल ग्राम कोटमेर में शराब पीने के कुछ देर के भीतर ही तीन ग्रामीणों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिद्धार्थ तिवारी मौके पर पहुंचे। फारेसिंक विभाग की टीम को तत्काल मौके पर बुलाया गया। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी का कहना कि तीनों की मौत जहरीला शराब पीने से या विषाक्त भोजन/चखना (फूड पॉयजनिंग) से हुई है, यह कहना अभी ठीक नहीं होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।घटना करतला थाना क्षेत्र के कोटमेर गांव का है। जहां रहने वाले 44 वर्षीय बेदराम, 60 वर्षीय रामसिंग और 50 वर्षीय मालती बाई गांव में आस-पड़ोस में ही रहते है। आज दोपहर के वक्त तीनों ने मछली बनाने के बाद देशी शराब का सेवन किया था। बताया जा रहा है कि शराब सेवन करने के 20 मिनट के भीतर ही तीनों की तबियत एकाएक बिगड़ने लगी। घर वाले जब तक तीनों को अस्पताल ले जाते उससे पहले ही तीनों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। मौत के कारणों का पता लगाने पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर फॉरेंसिक की टीम को बुलाया गया।टीम के सदस्यों द्वारा मौके से मृतकों द्वारा खाये हुए सामान और पेय पदार्थो का सेंपल जब्त किया है। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि जहरीली शराब से मौत की पुष्टि अभी नही हुई है। मौके पर जांच उपरांत मछली खाने के साक्ष्य मिले है। फॉरेंसिक की टीम द्वारा मौके से साक्ष्य कलेक्ट किये गये है। तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत की असल वजह सामने आ पायेगी। उधर इस घटना के बाद से ही गांव में दहशत व्याप्त है। पुलिस इस पूरे घटनाक्रम को लेकर हर एक एंगल में जांच कर रही है।

## पौधरोपण के साथ साथ पौधों को सहेजने का भी लें संकल्प:नरेन्द्र देवांगन



कोरबा। इशिका लाइफ फाउंडेशन की ओर से शारदा विहार में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन, सभापति श्याम सुंदर सोनी शामिल हुए। पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन ने अभियान को सराहनीय पहल बताया और कहा कि हम सबको मिलकर पर्यावरण की रक्षा के लिए सार्वजनिक स्थानों, तालाबों किनारे अधिक से अधिक पीपल, नीम एवं फलदायक पौधे लगाने चाहिए ताकि पक्षियों को सहारा मिल सके और पर्यावरण के प्रदुषण से निजात मिल सके। पर्यावरण में बढ़ती जहरीली गैसों की वजह व पेड़ों की कमी के चलते पक्षी लुप्त होने लगे हैं। अब गांव देहात में भी पक्षियों की चहचाहट सुनाई नहीं पड़ती। पौधरोपण के साथ साथ हम सबको पौधों की रक्षा भी करनी चाहिए।

इस अवसर पर इशिका लाइफ फाउंडेशन से गोपाल शर्मा, पूजा शर्मा, स्मिता सिंह, शारदा विहार विकास समिति से रवि वरदानी, मनोज विश्वकर्मा, नरेंद्र श्रीवास, विनोद अग्रवाल ,नारायण प्रसाद शुक्ला , शिवाजी सिंह,रमाशंकर साहू, गुलाम हुसैन, दिलीप बिस्वास, राम बहादुर सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने दिव्यांग खिलाड़ी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए दी शुभकामनाएं



**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट परिसर पर अपने कार्यालय कक्ष में दिव्यांग इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग के लिए जिले से चयनित खिलाड़ी पीलाबाबू सतनामी को ट्रेक शूट, टी-शर्ट, नये शू, बैट और बाल देकर बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी । समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग सीजन 5 का आयोजन 18 से 23 जून तक बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल द्वारका सेक्टर 12, नई दिल्ली में आयोजन होने जा रहा है। जिसमें राज्य के तीन खिलाडियों कों विभिन्न जिलों से चयनित किया गया है। जिसमे सक्ती जिले से दिव्यांग खिलाड़ी पीलाबाबू सतनामी का भी चयन हुआ है। जिस पर कलेक्टर ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैद्य इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, समाज कल्याण विभाग उपसंचालक सुनील मिश्रा, खेल अधिकारी हरी पटेल उपस्थित थे।

## चोरी का आरोप लगाकर आरक्षक ने की बेरहमी से पिटाई, शिकायत

**सक्ति ।** खाकी पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगे हैं। एक शिकायत में एक आरक्षक पर एक संदेही को थाने में बुलाकर मिटाई का आरलगा है। मालखरौदा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पोता निवासी महेंद्र कुमार सारथी ने आरक्षक अश्वनी कुमार जायसवाल बैच नंबर 40 पर उसके भाई चांद कुमार सारथी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी को आवेदन दिया है। आवेदन में उसके द्वारा बताया है कि गांव के राम यादव पंच दुकालू यादव विनोद यादव के द्वारा चांद कुमार सारथी पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर उसे थाने ले गया। 17 जून की शाम 7 बजे प्रार्थी का कहना था कि राम यादव पंच के द्वारा उसके घर आकर बोला कि उसके भाई को पुलिस ने बुलाया है। उसे थाना लेकर गए और चोरी का झूठा आरोप लगाकर आरक्षक अश्वनी जायसवाल के द्वारा बेरहमी से बेल्ट एवं डंडे से मारपीट किया गया। जिसके कारण उसके भाई को अंदरूनी छोटे आई है। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा में भर्ती कराया गया। तत्काल उसे रायगढ़ रेफर किया गया। पीड़ित के भाई महेंद्र कुमार सारथी ने थाना प्रभारी मालखरौदा को आवेदन देकर झूठे आरोप लगाकर थाना लाने वाले तथा आरक्षक अश्वनी जायसवाल के द्वारा मारपीट करने की जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग किया है।

## आंबा सहायिका पद पर भर्ती - के लिए 28 तक दावा आपत्ति

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहंदा, धनेली, कुटरों, तेंदुभांठा, खैरा, सेंदरी, जगमहंत, खैरा, कुथुर, अमोरा, चौराभांठा, अवरीद, धुरकोट मे रिक्त पद आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के आधार पर भर्ती हेतु प्रथम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है, जिसमें किसी भी अभ्यर्थी, नागरिक को आंगनबाड़ी सहायिका पद मे दावापत्ति करने हेतु 19 जून से 28 जून कार्यालयीन समयावधि मे एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह मे स्वयं उपस्थित होकर दवापत्ति जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि व समय उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा तथा यह भी स्पष्ट हो कि दावा आपत्ति करने के समय मूल आवेदन मे जोड़ने हेतु नवीन दस्तावेज मान्य नहीं किये जायेंगे।

## मनरेगा से बनी डबरी से बढ़ गया ननकूदास का आत्मविश्वास



**जांजगीर-चांपा।** पानी की समस्या को डबरी के जरिए दूर करने की यह कहानी है ग्राम मौहाडीह निवासी ननकूदास पिता कान्हादास की है, जिनके पास खेती के लिए जमीन है और खेती किसानी के साथ ही सब्जी-भाजी लगाकर उसे बेचना भी है, लेकिन पानी की समस्या ननकू के लिए बड़ी समस्या थी और इसका निदान भी जरूरी था। ऐसे में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना ने उनकी इस समस्या का निदान किया और उनके खेत में डबरी बनाकर जब दी। तो उनकी परेशानी कम हुई और माथे पर आई शिकन भी दूर हो गई। आज वह अपने परिवार के साथ खुशहाली के साथ जीवन यापन कर रहे हैं।

सफलता ऐसे नहीं मिलती है इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और इस मेहनत में महात्मा गांधी नरेगा ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर और जनपद पंचायत बम्हनीडीह से 8 किलोमीटर दूर मौहाडीह च गांव में रहते हैं ननकूदास। जो अपने परिवार के साथ बारिश की एक फसल लेकर जैसे तैसे अपने परिवार की जिंदगी की गाड़ी हांक रहे थे, ऐसे में उन्हें महात्मा गांधी नरेगा से खेत में डबरी निर्माण होने की बात पता चलती फिर क्या था उन्होंने एक पल की देर किये बिना ही खेत में डबरी निर्माण के लिए मंजूरी दी और प्रस्ताव तैयार होकर जनपद से जिला भेजा गया। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 2.839 लाख की लागत से डबरी का कार्य स्वीकृत कर दिया। डबरी निर्माण के कार्य में ननकू और उसके परिवार ने 30 दिवस काम किया और 5690 रूपए की मजदूरी प्राप्त की। इसके साथ ही गांव के 1313 दिवस का कार्य मजदूरों ने किया और 2 लाख 52 हजार 733 रूपए रोजगार से मजदूरी मिली। तकनीकी सहायता श्री मनोज दुबे ने डबरी निर्माण ने अब ननकूदास के खेत में बरसात का पानी रूकने लगा और डबरी को बरसात के पानी ने लबालब भर गया। खेत में पानी मिलने के बाद से उन्होंने दोहरी फसल लेना शुरू कर दिया और इसके साथ ही आसपास खाली पड़ी जमीन पर सब्जी बाड़ी लगाकर आमदनी अर्जित करने लगे। मछली पालन करते हुए उन्होंने डबरी में बीज डाले और मछली बड़ी होने लगी। इससे आने वाले समय में उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और आजीविका के सतत बना रहेगा।

# प्रशासन निर्दोषों को परेशान करना बंद करे




### प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** राज्य सरकार की लचर कानून व्यवस्था से उपजे हिंसक घटनाओं के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को जांजगीर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि शासन और प्रशासन निर्दोषों को तंग करना बंद करे, असल दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासन जिस प्रकार से कार्रवाई कर रही उससे सतनामी समाज के खिलाफ किसी बड़े षड्यंत्र की बू आ रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जब उक्त घटना हुई तब आखिर प्रशासन क्या कर रहा था। लोकल इंटेलिजेंस क्या कर रहा था। उन्हें घटना की पूर्व सूचना क्यों नहीं थी और अगर थी तो वे क्या कर रहे थे। विधायक पामगढ़ शेषराज हरबंश ने कहा कि इस दुष्कृत्य के माध्यम से सतनामी समाज को बदनाम किया जा रहा है।

कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार ने कहा कि सामाजिक सदभाव बिगाड़ने वाले दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन निर्दोष लोगों को प्रताड़ित करना बंद करे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि पारदर्शिता पूर्ण करवाई किया जाना चाहिए ताकि निर्दोष व्यक्ति को इसमें शामिल न होना पड़े पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, नपाध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, युकाध्यक्ष प्रिस शर्मा,अनुसूचित जाति विभाग जिलाध्यक्ष महारती बघेल, पिछड़ा वर्ग विभाग जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर, प्रदेश सचिव हरप्रसाद साहू, संदीप अग्रवाल, उत्तम पाटले ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष रफीक सिद्दीकी व आभार जांजगीर-चांपा विधायक व्यास नारायण कश्यप ने किया। धरना प्रदर्शन मे विवेक सिसोदिया, महामंत्री संगठन शिशिर द्विवेदी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नवल सिंह ठाकुर, महेश्वर टंडन, रविन्द्र शर्मा, सुनील साधवानी, गोविन्द कश्यप कांग्रेस नेता इब्राहिम मेमन,खूबचंद देवांगन,कांग्रेस सेवा दल के उपाध्यक्ष देव कुमार पांडे, पप्पू खान, राकेश कहरा, आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे थे।

## नल कलेक्शन और सड़क निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा ।** ग्राम पंचायत बनाहिल के बस्ती तक नल-जल योजना के तहत ग्रामीणों के घरों तक नल कलेक्शन दिए जाने और ग्राम पंचायत नरियरा के मुख्य मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर नरियरा विकास मंच के द्वारा अकलतरा एसडीएम के नाम दो सूत्रीय मांगों को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने बताया कि बनाहिल के नल जल योजना के ठेकेदार के द्वारा इस बस्ती के निवासियों को पानी का कनेक्शन नहीं दिए जाने की बात कही है। नरियरा से इस मोहल्ले में कनेक्शन देने पर 2-3 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाना पड़ेगा, जिससे लगभग 25 से 30 घर नल कनेक्शन से वंचित हो जाएंगे। इसको देखते हुए नरियरा विकास मंच ने नागरिकों के मौलिक अधिकार से जुड़ा जल समस्या का शीघ्र समाधान कराने के लिए ज्ञापन दिया हैं। इस बारे में पीएचई विभाग के इंजीनियर पवन अग्रवाल के द्वारा आश्वस्त किया गया है कि दैनिक दिनचर्या के लिए जल की जरूरत होती है, नल जल कनेक्शन के लिए ठेकेदार से बात कर शीघ्र ही कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। इसी तरह दूसरी मांग में ग्राम पंचायत नरियरा के मुख्य मार्ग जो सरकारी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों व प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग नरियरा व विद्युत विभाग जाने के रास्ते से संबंधित हैं जिसपर प्रतिदिन हजारों की तादात से नागरिकों व छात्रों का आवागम होता है जिसके निर्माण के लिए विगत दो वर्षों से ज्ञापन दिया जा रहा हैं लेकिन प्रशासन की उदासिनता के चलते रास्ते का निर्माण स्थाई रूप से नहीं हो सका. हैं। इन दोनों मूलभूत समस्याओं के चलते आम ग्रामीण परेशान हैं। समाधान के लिए एसडीएम अकलतरा को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भवानी सिंह, बलराम पुरी गोस्वामी, विनीत नवरत्न, शिव राठौर, पूजा समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे ।

## केशरवानी महिला समिति ने उल्लास के साथ मनाया गंगा दशहरा पर्व

**चांपा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा पर्व पर केशरवानी महिला समिति चांपा की अध्यक्ष शांता गुप्ता एवं सदस्यों ने भक्ति भावना के साथ राम बांधा तालाब में गंगा मैया की पूजा आराधना कर गंगा मैया को सौभाग्य सामग्री और चुनरी भेंटकर दीप दान कर आरती कर नैवेद्य अर्पित किया और गंगा मैया से परिवार, समाज एवं देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात शिवालय में भगवान शंकर जी और वहां स्थित सभी मंदिरों में पूजा-आराधना कर दीपदान किए और मां दुर्गा को साड़ी, और सौभाग्य सामग्री और नैवेद्य अर्पित कर आशीर्वाद लिए। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष शांता गुप्ता ने उपस्थित सभी सदस्यों को गंगा दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी तिथि को मां गंगा भागीरथी के तपस्या से धरती पर अवतरित हुई थीं इसलिए इस दिन को गंगा दशहरा कहा जाता है। इस दिन स्नान, दान और दस वस्तुओं के दान का बहुत महत्व है। गंगा मां मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी भारत की प्राण है गंगा मैया के दर्शन मात्र से ही पाप और शोक नष्ट हो जाते हैं। गंगा मैया का जीवन के हर महत्वपूर्ण पल में आशीर्वाद लेना बहुत ही सौभाग्य कारक माना जाता है। इस लिए हमें गंगा मैया को सदैव स्वच्छ बनाने का नदी तालाब को स्वच्छ बनाने में अपनी जिम्मेदारी जरूर निभानी चाहिए। गया दशहरा पर्व पर गंगा पूजन में महिला समिति की कुमारी बाई, तृप्ति, ईश्वरी, सुचित्रा, अलका, मंजू, सुशीला अनुपमा, पूर्णिमा, सरला, कुमारी दिव्या, नव्या मिल्की, मान्या, अंशु आदि सदस्य शामिल हुए।

### जोन चेयरपर्सन बने राजेश अग्रवाल

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल की कार्यकारिणी का गठन पिछले दिनों किया गया जिसमें लायंस क्लब चांपा के पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश अग्रवाल को लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के जोन चेयरपर्सन चुना गया। लायन राजेश अग्रवाल लायंस क्लब चांपा में सत्र 2017-2018 लायंस क्लब चांपा के कोषाध्यक्ष, 2018-19 लायंस क्लब के सचिव के रूप में 2019-20 से 22-23 तक लगातार 4 वर्षों तक अपनी अध्यक्षीय सेवा प्रदान कर चुके हैं।

## ग्रामीणों को जागरूक करने हमर पुलिस हमर संग का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** बढ़ते अपराधों को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस द्वारा लोगो को जागरूक करने के लिए हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत नवागढ़ थाना क्षेत्र के खैरताल में टीम पहुंची और ग्रामीणों को अपराध का शिकार होने से बचने जरूरी टिप्स दिए गए।

लोगों को जागरूक करने एसपी विवेक शुक्ला के निर्देशन में हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। एएसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल द्वारा हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम संचालन टीम के सदस्यों के साथ सामुदायिक पुलिसिंग जागरूकता शिविर में लोगों को जानकारी देते पुलिस अफसर।

मिलकर थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम खैरताल में जाकर कार्यक्रम आयोजित किया किया। उपस्थित लोगो को सायबर सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग तथा घरेलु हिंसा, हमर बेटी हमर मान, बाल विवाह एवं नशापान के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। साथ ही सड़क हादसों से बचने शराब पीकर वाहन नही चलाने, हेलमेट पहन कर मोटर सायकल चलाने, तीन सवारी बैठकर मोटर सायकल नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने अपील की गई। इस मौके पर ग्राम खैरताल के निवासियों द्वारा अपनी शिकायत और समस्या भी बताई गई। शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान जन जागरूकता के विभिन्न विडियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित लोगो को दिखाकर लोगो को जागरूक किया गया।

ग्रामीणों को न बताया गया कि जिले के थाना क्षेत्र क के सभी गांव में बीट सिस्टम बनाया मो गया है और गांव में दीवाल में पेंट से प बिट अधिकारी एवं कर्मचारी तथा न थाना प्रभारी का नाम मोबाइल नंबर क लिखा हुआ है। यदि गांव में किसी नि व्यक्ति के द्वारा जुआ, सट्टा खिलाता है तो तथा अवैध शराब बिक्री करता हो या अन्य कोई असामाजिक व्यक्तियों के द्वारा गलत काम करता है तो इसकी सूचना देने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, निरी. सत्यकला रामटेके महिला सेल प्रभारी, निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ का योगदान रहा।

## आपदा के समय टोल फ्री नंबर 1070 से मिलेगी सहायता

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश में किसी आपदा में आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु टोल फ्री नंबर-1070 पर सूचित कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। किसी भी आपदा में जन समुदाय के सहायता उपलब्ध कराने के लिए ईआरएसएस डॉयल 1070-आपदा प्रबंधन आपातकालीन सेवा संचालित की जा रही है। इसके टोल फ्री नम्बर पर संपर्क कर बाढ़, अग्नि दुर्घटना, आकाशीय बिजली दुर्घटना, सर्पदंश आदि में सहायता ली जा सकती है।

# थाने से फरार आरोपी ने छठवें दिन किया आत्मसमर्पण

**चांपा।** हसौद पुलिस की कस्टडी से फरार हुए आरोपी की पतासाजी के लिए पुलिस हवा में हाथ पांव मार रही थी। थाने से आरोपी के फरार होने और पांच दिन बाद भी नहीं पकड़े जाने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। इस बीच थाने से फरार हुए आरोपी ने छठ दिन आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले में हसौद थाने में पदस्थ दो आरक्षकों को निलंबित करने की कार्रवाई की गई।हसौद पुलिस ने 12 जून की रात अमलीडीह में आरकेएम फैमिली रेस्टोरेंट एवं ढाबा के संचालक फूलेश्वर चंद्रा पिता दुकालूराम चंद्रा को आबकारी एक्ट के मामले में पकड़ा। इसके बाद देर रात वह पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। एसपी अंकिता शर्मा ने हसौद टीआई विन्टन साहू को फटकार लगाकर आरोपी की पतासाजी कर तत्काल गरफ्तार करने कड़े शब्दों में निर्देश दिया। एसपी की फटकार के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 224 के तहत अपराध दर्ज किया गया और हसौद पुलिस कई टीमें बनाकर आरोपी की खोज कर 5 दिनों तक हवा में हाथ पैर मार रही थी लेकिन आरोपी हसौद पुलिस के पहुंच से कोसों दूर था। मामले में तरह तरह की चर्चाएं हो रही थी और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। पुलिस की जमकर किरकिरी हो रही थी। एसपी की फटकार के बाद पुलिस टीम फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए हाथ पांव मार रही थी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पा रही थी। मंगलवार 18 जून की सुबह लगभग 9 बजे थाना पहुंचकर आरोपी ने सरेंडर कर दिया। इससे पुलिस ने राहत की सांस ली। एक तरफ आरोपी के सरेंडर को हसौद पुलिस अपनी सफलता बातकर अपनी पीठ थपथपा रही है तो वहीं दूसरी ओर आरोपी के सरेंडर के बाद से हसौद पुलिस की नाकामी सुर्खियों में है। आरोपी फूलेश्वर चंद्रा पिता दुकालूराम चंद्रा अमलीडीह में आरकेएम फैमिली रेस्टोरेंट एवं ढाबा का संचालक है। 12 जून की रात करीबन 10 बजे हसौद पुलिस ने फूलेश्वर चंद्रा को उसके ढाबा के सामने 34 पाव देसी प्लेन मदिरा शराब के साथ पकड़ा और थाना लाकर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया। इसी दौरान आरोपी करीबन 12.16 बजे पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ इसके पूर्व में भी कई शिकायत हसौद थाना में हुई है जिसपर आरोपी के खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा 107-16 के तहत प्रतिबंधात्मक कारवाई किया गया है। पुलिस कस्टडी से फरार आबकारी एक्ट के आरोपी फूलेश्वर चंद्रा ने 18 जून को थाना पहुंचकर सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इधर पुलिस कस्टडी से आरोपी के फरार होने के बाद एसपी अंकिता शर्मा ने आरक्षक मनीष मिश्रा और निखिलेश साहू को निरंबित करने की कार्रवाई की है।

## दस लाख से हो गई मरम्मत और टूटकर गिर रहा कन्या स्कूल का छज्जा

**अकलतरा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा की मरम्मत के लिए मुख्य मंत्री स्कूल जतन योजना के तहत 10 लाख रूपये स्वीकृत किया गया था। मगर मरम्मत के नाम पर ठेकेदार के द्वारा जमकर अनियमितता बरती गई है। प्राचार्य कक्ष एवं अन्य कमरों की मरम्मत कर खानापूर्ति कर दी गई मगर भवन का छज्जा जो निकला हुआ है वह टूट कर गिर रहा है। उसकी मरम्मत नहीं की गई है। छज्जा पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका है और टूटकर गिर रहा है। इससे कभी भी कोई भी बड़ी घटना घटित हो सकती है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत कांग्रेस शासन काल में जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए राशि दी गई थी। इसी के तहत नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा की मरम्मत के लिए 10 लाख रूपये स्वीकृति मिली थी । ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा स्कूल के मरम्मत के लिए ठेका में दिया गया था। मरम्मत के लिए स्वीकृत लाखों रूपए में ठेकेदार और विभाग के द्वारा किस तरह अनियमितता बरती गई है इसका उदाहरण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के टूटकर गिरते हुए छज्जा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। प्राचार्य कक्ष एवं अन्य कमरों की मरम्मत तो की गई है मगर विद्यालय भवन के बाहर का जो छज्जा निकला हुआ है उसकी मरम्मत नहीं की गई है।



छज्जा की मरम्मत करने के बजाए भवन का रंग रोगन कर उसे छिपाने का प्रयास किया गया। छज्जा पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका है और टूटकर गिर रहा है। इससे कभी भी कोई भी बड़ी घटना घटित हो सकती है। 26 जून से स्कूल खुल जाएंगे। इससे पहले छज्जे की मरम्मत की आवश्यकता है। कलेक्टर ने भी स्कूल शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों को स्कूल खुलने के पहले मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। मरम्मत कार्य का भौतिक सत्यापन कराकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## भीमा तालाब जाज्वल्यदेव द्वार के पास जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में योग दिवस के आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर ने बताया कि 21 जून को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम जांजगीर के भीमा तालाब जाज्वल्यदेव द्वार के पास 21 जून को प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी होंगे।



अपर कलेक्टर ने बताया कि जिले के शहरों और गांवों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय के प्रमुख स्थलों जैसे-ऐतिहासिक, सार्वजनिक महत्व के स्थल, अमृत सरोवर, महत्वपूर्ण नदियों वाले स्थलों पर अधिक से अधिक भागीदारी के साथ सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत अधिकारियों ने भीमा तालाब स्थित जाज्वल्यदेव द्वार स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में उपसंचालक समाज कल्याण ने बताया कि शहरों और गांवों के प्रमुख स्थलों पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी के साथ सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आंगनबाड़ी और वृद्धाश्रम, सार्वजनिक उपक्रमों, शासन के सभी विभागों के प्रमुख स्थानों में भी योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें सरपंच, वार्ड पार्षदों अन्य स्थानीय समुदाय के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक स्वैच्छिक संगठन, पुलिस प्रशिक्षण केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, बाल आश्रम, वृद्धाश्रम, दिव्यांगजनों तथा उभयलिंगी व्यक्तियों हेतु संचालित संस्थाएं शामिल होंगे। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप संचालक समाज कल्याण टी पी भावे सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा, बुधवार, 19 जून 2024
तरुण छत्तीसगढ़


## अनमोल वचन......

**दुनिया में हर इंसान अलग है इसलिए जो जैसा है उसे वैसा ही स्वीकार करना सीखे!**

## ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल

*इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के दावे और सवाल रविवार को एक बार फिर से उठ खड़े हुए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया में मुंबई की एक खबर-जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोक सभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था-का हवाला देते हुए ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। हालांकि चुनाव आयोग ने मोबाइल से लिंक के दावे को खारिज कर दिया है, और फिर से स्पष्ट किया है कि ईवीएम स्वतंत्र प्रणाली है, और इसमें सुरक्षा के मजबूत उपाय हैं।*

*राहूल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के चेयरमैन एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला भी दिया जिसमें मस्क ने दावा किया है कि ईवीएम में छेड़छाड़ का खतरा बहुत अधिक है। उनका कहना है कि ईवीएम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हैक किया जा सकता है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' है, और किसी को भी उसकी जांच की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की है। बहरहाल, इस प्रकार ईवीएम पर सवाल उठाया जाना कोई नई बात नहीं है। काफी समय तक ईवीएम को लेकर पक्ष-प्रतिपक्ष के बीच तकरार रही। मामला अदालत में भी पहुंचा। अदालत ने स्पष्ट फैसला देकर इस विवाद का अंत कर दिया था। लेकिन नये घटनाक्रम के बाद प्रतिपक्ष ईवीएम को फिर से संदेह के घेरे में लाने को प्रेरित हुआ है। उसे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जतलाने, बल्कि कहें कि चुनाव में धांधली की आशंका जताने का मौका भी मिल गया है। प्रतिपक्ष चुनाव से जुड़ी संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठा रहा है, और जवाबदेही के अभाव में लोकतंत्र के दिखावा भर रह जाने की बात कह रहा है। ईवीएम को लेकर एक बार फिर से सियासी घमासान छिड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। जब ईवीएम को लेकर शक-संदेहों का चुनाव आयोग अपने स्तर पर निराकरण कर चुका है, अदालत ने भी व्यवस्था दे दी है, और सबसे बड़ी बात कि विपक्ष ईवीएम के जरिए चुनावी जीत को सहज लेता है, तो भी शक-संदेह जताना उसकी अपरिपक्वता दिखाता है।*

## राशिफल

**मेष :** किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केन्द्रित होगा। किसी नए कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**बृषभ :** भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। निकटस्थ संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मिथुन :** राजनीतिज्ञ क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए अनुकूल समय। अच्छे कार्यों के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**कर्क :** अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लाएं। नयी अभिलाषाएं मन में जागृत होगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। विभागीय परिवर्तन से थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह :** वर्तमान में आपको सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक दिशा में प्रयास की नितान्त आवश्यकता है। नकारात्मक चिन्ताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी।

**कन्या :** आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

**तुला :** भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव। भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को कल पर न टालें।

**वृश्चिक :** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र।

**धनु :** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्यों द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों के लिए ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर :** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्यों में अत्यधिक ब्यय के योग है। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**कुंभ :** सुन्दर आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार बनेंगे। मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नए संबंध के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें।

**मीन :** रोजगार के क्षेत्र में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

# क्या आरएसएस और भाजपा के बीच व्याप्त मतभेदों का सिलसिला कभी थमेगा

//कमलेश पांडे//

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के मतभेद अब खुलकर सामने आ चुके हैं। यह स्थिति दोनों के लिए सामाजिक और राजनीतिक रूप से हानिकारक साबित होगी, जिसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव 2024 से हो चुकी है। इस बदलती परिस्थिति के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है और कितना जिम्मेदार है, यह पड़ताल करने का काम दोनों संगठनों के प्रमुखों का है, लेकिन अब तो इन दोनों के बीच ही तलवारें खींच चुकी हैं। मसलन, पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की चुनावी भूमिका को लेकर जो कुछ टिप्पणी की, और अब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर में भाजपा की अदूरदर्शी भूमिका को लेकर जो कुछ इशारे किये हैं, उससे जाहिर होता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसका राजनीतिक मुखौटा समझी जाने वाली भारतीय जनता पार्टी के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।**

यह हिंदुत्व और राष्ट्रवाद जैसी विचारधारा के लिए संकटापन्न स्थिति है, जिसका सम्यक हल निकट भविष्य में निकलेगा, ऐसा मुझे नहीं लगता। क्योंकि देश के दोनों प्रमुख संगठन सत्ता सुख की मृगमरीचिका में भटकते हुए इतना आगे निकल चुके हैं कि वापस लौटना अब उनके बस की बात नहीं !यहां संघ को यह सोचना होगा कि आखिर बाजपेयी से लेकर मोदी तक के सत्ता में आते ही उनसे खटपट क्यों हो जाती है। आखिर वह कौन सा यक्ष प्रश्न होता है, जिसके समक्ष घुटने टेकने से भारतीय प्रधानमंत्री इंकार कर देते हैं, जहां से कलह की शुरूआत होती है। पुरानी बातें यदि भुला भी दी जाए तो संघ प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयानों से दोनों के बीच बढ़ती दूरी भी साफ दिखी है। क्योंकि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संकेत में ही भाजपा को नसीहत भी दी है और सरकार के कामकाज के तरीकों से लेकर और संगठन में मची आपाधापी तक पर परोक्ष रूप से नाराजगी भी दिखाई है। हालांकि समझदार व्यक्ति होने के चलते उन्होंने खुलकर कुछ भी नहीं कहा है, इसलिए दोनों ही पक्ष इस मुद्दे पर ज्यादा नहीं बोल रहे हैं। लेकिन जिन्हें इनका तल्ख अतीत और स्वार्थी रवैया मालूम है, वो ह से हलन्त तक समझ जाते हैं। यह कौन नहीं जानता कि लोकसभा चुनाव 2024 में नतीजे यदि भाजपा की उम्मीद के विपरीत आए हैं, तो इसके पीछे कहीं न कहीं संघ के स्वयंसेवकों का उदासीन रवैया भी जिम्मेदार है। यही वजह है कि अब भाजपा और संघ के बीच स्पष्ट रूप से मतभेद उभरते दिखाई दे रहे हैं। जानकारों की मानें तो आमतौर पर चुनावी प्रक्रिया के दौरान भाजपा और संघ के बीच जिस तरह का समन्वय और सामंजस्य होता था, वह इस बार दिखाई नहीं दिया। आखिर ऐसा क्यों। वहीं, भाजपा और संघ के बीच अक्सर होने वाली उच्च स्तरीय समन्वय बैठकें भी काफी समय से नहीं हुई हैं। स्वाभाविक सवाल है कि आखिर ये बैठकें तय वक्त पर क्यों नहीं हुईं। क्या इसके पीछे एक दूसरे को सबक सिखाने की मंशा रही है, जो 2004 के बाद 2024 में भी साफ दिखी। अंतर सिर्फ इतना कि तब कुलीन मिजाज वाले प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी एक ही झटके में धराशायी हो गए। जबकि आज कुटिल मिजाज वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धराशायी होते-होते बच गए। स्वाभाविक है कि इसकी अनुगूंज अगले 5 सालों तक सुनाई पड़ती रहेगी।कहना न होगा कि इन सब बातों के बीच संघ को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का बयान भी काफी चर्चित रहा है, जिससे भी संघ के भीतर नाराजगी साफ दिखाई दी है। यही वजह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत के हाल में एक बयान को लेकर दोनों के बीच के रिश्तों को लेकर कई तरह के अर्थ लगाए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की चुनाव के दौरान संघ को लेकर की गई टिप्पणी से भी दोनों पक्षों के रिश्तों में कड़वाहट आई है, जिसका असर मतदान के आखिरी तीन चरणों में दिखाई दिया। वहीं, अंदरूनी स्तर पर इस बात की काफी चर्चा है कि आखिर के तीन चरणों में संघ ने उतना मन लगाकर काम नहीं किया, जितना कि वह पहले कर रहा था। स्वाभाविक है कि इसका असर मतदान पर भी पड़ा है। हालांकि संघ ने इस तरह की अटकलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है, और भाजपा भी इससे पूरी तरह से सहमत नहीं है। फिर भी आलम यह है कि मोहन भागवत के बयान के बाद भले ही दोनों पक्ष ज्यादा कुछ नहीं बोल रहे हैं, लेकिन अंदरूनी तौर पर चर्चा में यह दिखता है कि दोनों के बीच अब सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। खास बात यह कि इस बारे में संघ के भीतर भी अलग-अलग राय दिखती है। सीधा सवाल है कि क्या यह स्थिति खुद संघ के लिए सही है। जवाब होगा, कतई नहीं !

जानकारों के मुताबिक, संघ ने जिन मुद्दों पर नाराजगी जताई है, उनमें भाजपा व संघ के बीच समन्वय की कमी है। सवाल है कि दोनों के बीच समन्वय बैठकें बेहद कम होने के लिए कौन जिम्मेदार है, इसका निर्धारण कौन करेगा। वहीं, विभिन्न उम्मीदवारों को लेकर संघ की सलाह को नजरअंदाज करने के लिए जिम्मेदार कौन है। क्या उसे यह स्पष्ट नहीं करना चाहिए कि अपने मातृ संगठन के सलाह व सूझाव को विनम्रता पूर्वक टालने का भी एक अपना तरीका होता है, ताकि वह किसी को नागवार नहीं गुजरे। लेकिन यहां तो प्रथमदृष्टया यही प्रतीत हो रहा है कि भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा ने न केवल संघ की भावनाओं की अनदेखी की, बल्कि अपने तल्ख बयानों से उल्टे संघ को ही आईना दिखाने की कोशिश की, जो संघ प्रमुख मोहन भागवत को नागवार गुजरी। इसलिए उन्होंने भी नहले पर दहला की तर्ज पर सरकार बनते ही उसे आईना दिखा दिया।मिली जानकारी के मुताबिक, संघ ने कृपा शंकर सिंह समेत लगभग दो दर्जन नामों पर आपत्ति जताई थी। इसके पहले वह आर के सिंह पर आपत्ति जता चुका था, हालांकि वह तब चुनाव जीत गए थे। इसके अलावा, दूसरे दलों से और इधर-उधर से बेलगाम तरीके से लोगों को भाजपा में शामिल करना, जिससे भाजपा कॉडर और पुराने कार्यकर्ताओं में उपेक्षा का भाव पैदा हुआ, क्योंकि उनको तरजीह न मिली। इसके अलावा, चुनाव अभियान में कमी के भी कई मुद्दे शामिल रहे। समझा जाता है कि इन्हीं वजहों से 2014 और 2019 के उलट 2024 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत से 32 सीटें कम मिलीं, जिससे वह एनडीए के सहयोगी दलों की बैशाखी पर टिकने को अभिशप्त हो गई।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 10 जून 2024 दिन सोमवार को मणिपुर की हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा था कि वहां पर एक साल से अशांति है। राज्य में पिछ्ले 10 साल की शांति भंग हुई है। इसलिए भागवत ने नेताओं को अहंकार न पालने और काम करने की नसीहत भी दी थी। वहीं, उन्होंने परोक्ष रूप से विपक्ष के रवैये पर भी सवाल खड़े किए थे, लेकिन कुछ बयानों को भाजपा से जोड़कर देखा गया। हालांकि, संघ का कहना है कि सामाजिक जीवन में काम कर रहे संघ की यह सामान्य प्रक्रिया है और इसे किसी राजनीतिक दल से जोड़ना उचित नहीं है। इसलिए सवाल तो यह भी पैदा हो रहा है कि भारतीय राजनीति में एक बार फिर से क्षेत्रीय दलों के मजबूत होने से संघ के समीकरण गड़बड़ा चुके हैं, जिसको वह अपनी तल्ख बयानबाजी से दुरुस्त करने की कोशिश कर रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस से जुड़ी पत्रिका ऑर्गनाइजर ने दो टूक कहा है कि लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के अति आत्मविश्वासी कार्यकर्ताओं और कई नेताओं का सच से सामना कराने वाले हैं। वजह यह कि भाजपा नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभामंडल के आनंद में डूबे रह गए और उन्होंने आमजन की आवाज को अनदेखा कर दिया, जिसका परिणाम सामने है। अब तो संघ यहां तक स्वीकार कर चुका है कि आरएसएस भले ही भाजपा की जमीनी ताकत न हो, लेकिन पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनावी कार्य में सहयोग मांगने के लिए स्वयंसेवकों से संपर्क तक नहीं किया। इतना ही नहीं, चुनाव परिणामों में उन पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भी स्पष्ट है, जिन्होंने बगैर किसी लालसा के काम किया। इनके स्थान पर इंटरनेट मीडिया तथा सेल्फी संस्कृति से सामने आए कार्यकर्ताओं को महत्व दिया गया। जिसका साइड इफ़ेक्ट अब जगजाहिर हो चुका है। आरएसएस के आजीवन सदस्य रतन शारदा ने तो यहां तक कह दिया है कि 2024 के आम चुनाव के परिणाम अति आत्मविश्वास से भरे भाजपा कार्यकर्ताओं और कई नेताओं के लिए सच्चाई का सामना कराने वाले हैं। क्योंकि उन्हें इस बात का एहसास तक नहीं था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 से अधिक सीटों का आह्वान उनके लिए एक लक्ष्य था और विपक्ष के लिए एक बड़ी चुनौती थी। यह बात दीगर है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में 240 सीटों के साथ बहुमत से दूर रह गई। लेकिन उसके नेतृत्व वाले राजग को 293 सीटें मिली हैं और उसने केंद्र में सरकार बनाई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनावी जीत इंटरनेट मीडिया पर पोस्टर और सेल्फी साझा करने से नहीं, बल्कि मैदान पर कड़ी मेहनत से हासिल किए जाते हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन के पीछे अनावश्यक राजनीति को भी कई कारणों में से एक बताया और उदाहरण दिया कि, महाराष्ट्र अनावश्यक राजनीति और ऐसी जोड़तोड़ का एक प्रमुख उदाहरण है जिससे बचा जा सकता था। यहां अजित पवार के नेतृत्व वाला राकांपा गुट भाजपा में शामिल हो गया, जबकि भाजपा और विभाजित शिवसेना (शिंदे गुट) के पास स्पष्ट बहुमत था। शरद पवार दो तीन साल में फीके पड़ जाते, क्योंकि राकांपा अपने भाइयों के बीच अंदरूनी कलह से ही कमजोर हो जाती। सीधा सवाल है कि आखिर यह गलत सलाह वाला कदम क्यों उठाया गया7 क्योंकि इससे वो भाजपा समर्थक आहत थे, जिन्होंने वर्षों तक कांग्रेस की विचारधारा के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, उन्हें सताया गया था। इस प्रकार एक ही झटके में भाजपा ने अपनी ब्रांड वैल्यू कम कर दी। जिसका दुष्प्रभाव यह हुआ कि भाजपा ने इस चुनाव में महाराष्ट्र में खराब प्रदर्शन किया। क्योंकि वह कुल 48 में से 2019 के 23 निर्वाचन क्षेत्रों के मुकाबले केवल 9 सीटें जीत सकी। शिंदे गुट के नेतृत्व वाली शिवसेना को 7 सीटें और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा को सिर्फ एक सीट मिली है। रतन शारदा के मुताबिक, भगवा आतंकवाद को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने वाले, हिंदुओं पर अत्याचार करने वाले, 26/11 को आरएसएस की साजिश कहने वाले तथा आरएसएस को आतंकवादी संगठन बताने वाले कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल करने जैसे फैसलों ने भाजपा की छवि को खराब किया और इससे आरएसएस से सहानुभूति रखने वालों को भी बहुत चोट पहुंची। उन्होंने यहां तक कह दिया कि आरएसएस भाजपा की जमीनी ताकत नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के अपने कार्यकर्ता हैं। मतदाताओं तक पहुंचने, पार्टी का एजेंडा समझाने, साहित्य बांटने और वोटर कार्ड बांटने जैसे नियमित चुनावी कार्य पार्टी की जिम्मेदारी हैं।

# विपक्ष नदारद था

//अजय तिवारी//

**नौ जून को सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विदेशी मेहमान (पड़ोसी देशों के प्रमुख), फिल्मी मेहमान, कारोबारी मेहमान सब थे, लेकिन देश का विपक्ष नदारद था। राष्ट्रपति भवन के मैदान में हुए बड़े जलसे में देश-विदेश से 8000 से ज्यादा मेहमान बुलाए गए थे। विपक्ष को सम्मानपूर्वक आमंत्रित नहीं किया गया, इसलिए वहां देश की प्रमुख नेता सोनिया गांधी और शरद पवार नहीं दिखे। वाम राजनीति के बड़े चेहरे सीताराम येचुरी और डी राजा भी नहीं थे। जम्मू कश्मीर के बड़े नेता फारुख अब्दुल्ला और लोक सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी नहीं पहुंचे।**

न पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और न तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन नजर आए। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखिवंदर सिंह सुक्खू, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अनुपस्थिति भी खल रही थी। ये सभी देश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व करते हैं। विदेशी मेहमान विपक्षी नेताओं से भी परिचित हैं, इसलिए स्वाभाविक है उनके मन में भी यह सवाल आया होगा कि देश की सरकार बनने जैसे खास मौके पर विपक्ष क्यों उपस्थित नहीं रहा। इसे किस तरह से लिया होगा कहने की जरूरत नहीं है।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मिलने जब सोनिया गांधी का परिवार गया होगा तब अन्य बातों के साथ विदेशी मेहमान ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से उनके सरकार के साथ रिश्तों पर भी बात की होगी। विपक्ष का कहना है कि उसे शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित ही नहीं किया गया था। विपक्ष के सांसदों की भी ऐसे ही शिकायत थी। विपक्ष सच बोल रहा है अथवा झूठ यह तो वह जानता है या फिर सरकार। हालांकि यह भी सच है कि विपक्ष के आरोपों का सरकार ने कोई खंडन नहीं किया। सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं को शपथ ग्रहण समारोह के आमंतण्रपत्र पार्टी दफ्तर से लेने में कोई दिक्कत नहीं आई। यहां यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जो राज्य सभा में विपक्ष के भी नेता हैं सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। बेमन से राष्ट्रपति भवन पहुंचे खरगे ने कहा कि वह संवैधानिक बाध्यता की वजह से यहां हैं, अपनी खुशी से नहीं। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करके उनको बधाई दी अथवा नहीं, इसकी जानकारी दोनों नेताओं ने नहीं दी। सरकार बनने के बाद शिष्टाचारवश भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता नहीं मिले। विपक्षी नेताओं ने सोशल मीडिया पर भी सरकार को बधाई देने में संकोच किया। पुरानी परंपराएं टूटने लगी है। संसदीय कार्य मंत्री और वरिष्ठ मंत्रियों ने सबसे बड़े विपक्षी दल के नेताओं से भी मुलाकात नहीं की। संसद के भीतर कानून सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसदों को मिलकर बनाना है इसलिए उनके बीच दुआ-सलाम तो हर हाल में बनी ही रहनी चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच रिश्तों में खिंचाव का असर गठबंधन सरकार और संसद पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। नई लोक सभा के अध्यक्ष का 26 जून को चुनाव होना है। लोक सभा का अध्यक्ष निर्विरोध चुनवाने के लिए सरकार को विपक्ष की मदद की जरूरत होगी। चूंकि दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं है इसलिए इसमें कठिनाई जाएगी। विपक्ष दो ही स्थिति में सरकार को सहयोग कर सकता है। या तो सरकार विपक्ष को उपाध्यक्ष का पद देने का प्रस्ताव करे अथवा ऐसे सांसद को लोक सभा अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाए जो सर्वमान्य हो। कारपोरेट नहीं कोऑपरेटिव वाली गठबंधन सरकार जिन क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाना चाहती है उनमें से एक क्षेत्र है सहकारिता। इसके जरिए सरकार यह धारणा भी बनाना चाहती है कि वह कारपोरेट को नहीं कोऑपरेटिव (सहकारिता) को बढ़ावा दे रही है। सरकार प्रायः सभी क्षेत्र कोऑपरेटिव के लिए खोलना चाहती है। पेट्रोल पम्प और दवाओं की बिक्री जैसे उपक्रम पिछ्ले कार्यकाल में उसने कोऑपरेटिव संस्थाओं को दिए थे। सरकार कोऑपरेटिव संस्थाओं में दशकों से जमे नेताओं को भी हिलाना चाहती है। इसीलिए कोऑपरेटिव संस्थाओं में चुनाव के लिए चुनाव आयोग जैसी संस्था बनाने का प्रस्ताव है। सरकार पहले ही सारी कोऑपरेटिव संस्थाओं का डेटा तैयार करवा चुकी है, संस्थाओं को कंप्यूटराइजेशन के लिए भी सख्ती से बाध्य किया गया है। सहकारिता मंत्रालय गृह मंत्री अमित शाह के पास होने से कोऑपरेटिव की सारी बड़ी संस्थाएं चाहे वह अमूल हो या इफको सब सहयोग कर रही हैं।कृषि क्षेत्र सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है क्योंकि किसानों का विश्वास सरकार पर नहीं है। सरकार ने पुराने वादे पूरे नहीं किए हैं इसलिए उसके लिए इस क्षेत्र में कोई सुधारवादी कदम उठाना बेहद मुश्किल होगा। किसानों की सबसे बड़ी मांग एमएसपी न्यूनतम समर्थन मूल्य) कानूनी गारंटी को लेकर सरकार के पास कोई ठोस जवाब नहीं है। पंजाब में चल रहा किसान आंदोलन फिर गति पकड़ने लगा है। किसान संगठन सक्रिय हो गए हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान।



मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण विजयवाड़ा में सचिवालय में एक बैठक के दौरान।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वाराणसी में किसान सम्मान सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



नरेंद्र मोदी को वाराणसी में किसान सम्मान सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने नई दिल्ली में इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया।



ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय की प्रतिकृति। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जून को नई दिल्ली में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन कर सकते हैं।




आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर एनईईटी परीक्षा परिणाम मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# उत्तर भारत में लू का कहर, 109 लोगों की गई जान, जम्मू में गर्मी ने तोड़ा 40 साल का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, 19 जून [एजेंसी]।**

राजधानी सहित उत्तर भारत के राज्यों में भीषण लू का कहर जारी है। पहाड़ी इलाकों में भी तापमान रिकॉर्ड तोड़ रहा है। जम्मू के कठुआ में तापमान 48.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार कठुआ के पिछले 40 वर्षों के ज्ञात आंकड़ों के अनुसार शहर में तापमान पहली बार इतना पहुंचा है। माता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटड़ा का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में लू के कारण 81 लोगों की मौत हो गई। सर्वाधिक 13 मौतें कानपुर में हुईं। बिहार के पांच जिलों में 25 लोगों की मौत की सूचना है। जबकि 50 से अधिक लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं। इसी तरह से दिल्ली में भीषण लू से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई और पांच मरीज अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। यूपी में सर्वाधिक 13 मौतें कानपुर, जबकि फतेहपुर में 12, चित्रकूट में नौ, उन्नाव में छह, बांदा में चार, उरई में छह, इटावा व बरेली में एक-एक, प्रयागराज और कौशांबी जिले में एक-एक और



प्रतापगढ़ में चार लोगों की मौत हो गई। वाराणसी, मऊ, गाजीपुर, मीरजापुर, चंदौली, जौनपुर, बलिया, सोनभद्र में कुल 23 लोगों की जान गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी अगले चार दिनों तक राहत के कोई आसार नहीं हैं। ज्यादातर जिलों में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है।बिहार के पांच जिलों में लू से 25 लोगों की मौत की सूचना है। जबकि 50 से अधिक लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं। रोहतास व औरंगाबाद में सात-सात, गया में तीन, जहानाबाद में दो, आरा में चार, शेखपुरा व बक्सर में एक-एक व्यक्ति की मौत की सूचना है। स्वजन लू से मौत बता रहे हैं। खड़गपुर से गया जंक्शन पहुंचे सीआरपीएफ जवान शिवपाल सिंह अचानक अचेत होकर गिरे और उनकी मौत हो गई। मंगलवार को पटना समेत 13 जिलों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। पटना के अधिकतम तापमान में पांच डिग्री वृद्धि के साथ 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 44.3 डिग्री सेल्सियस के साथ औरंगाबाद प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। मालूम हो कि बीते एक सप्ताह में प्रदेश में लू से 82 लोंगों की मौत हुई है। दिल्ली में भीषण लू की चपेट में आने से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें से दो मरीजों की मौत सफदरजंग अस्पताल में मंगलवार को हुई। आरएमएल अस्पताल में सोमवार को एक महिला की मौत हुई थी। इस तरह दिल्ली में भीषण लू से अब तक सात मरीजों की मौत हो चुकी है। वहीं अलग-अलग दो अस्पतालों में दो दिन में भीषण लू की चपेट में आए 19 मरीज भर्ती कराए गए हैं। जिसमें से 11 मरीज मंगलवार को बेहोशी व तेज बुखार के साथ अस्पतालों में भर्ती कराए गए।पंजाब में मंगलवार दोपहर तक लू व भीषण गर्मी का प्रकोप रहा। लुधियाना 45.8 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा। यहां समराला में अधिकतम तापमान सबसे अधिक 45.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस अधिक था। उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र भीषण गर्मी से बेहाल हैं। लू के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित है। हरिद्वार में अधिकतम तापमान 42.2 और रुड़की में 42.0 डिग्री दर्ज किया गया।

देहरादून में तापमान गिरकर 41.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। यह सामान्य तापमान से आठ डिग्री सेल्सियस अधिक है। मसूरी में तापमान सामान्य से सात और नैनीताल में सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस अधिक बना है। जम्मू के कठुआ में तापमान 48.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से छह डिग्री अधिक है। पारा 47.1 के निशान पर था। जम्मू में मंगलवार को पारा 43.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। कश्मीर में भी राहत नहीं है। श्रीनगर का ही तापमान लगातार 31 डिग्री से ऊपर चल रहा है। मंगलवार को यहां अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वैष्णो देवी के कटड़ा का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहा।

## देश भर में 41 हवाईअड्डों और कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षाकर्मियों को किया गया अलर्ट



**नईदिल्ली, 19 जून [एजेंसी]।**

देश के 41 हवाईअड्डों को मंगलवार को बम की धमकी वाले ईमेल मिले थे। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच के बाद उनमें से प्रत्येक को अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल मंगलवार दोपहर करीब 12.40 बजे मिला, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों को सतर्क किया गया। इसके बाद सभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। ईमेल भेजने वाले ने कहा कि हवाई अड्डे पर बम लगाए गए हैं, और वे कभी भी फट सकते हैं। आप सभी मर जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि इन फर्जी धमकी भरे ईमेल के पीछे केएनआर नामक एक आनलाइन समूह का हाथ होने का संदेह है। उन्होंने बताया कि समूह ने एक मई को दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को इसी तरह के ईमेल जारी किए थे। सूत्रों ने कहा कि सभी हवाईअड्डों ने इस खतरे को अफवाह बताया और यात्रियों की गतिविधियों को निर्बाध रूप से जारी रखा गया। नागपुर हवाई अड्डे के अधिकारियों को बम की धमकी वाला ई-मेल मिलने के बाद वहां गहन सुरक्षा जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे मेल के मद्देनजर हवाई अड्डे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को नागपुर हवाई अड्डे पर बम की धमकी वाला एक ई-मेल मिला, जिसकी सूचना दोपहर करीब दो बजे नागपुर हवाई अड्डे के अधिकारियों को दी गयी। मुंबई पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि मुंबई में जसलोक हॉस्पिटल, रहेजा हॉस्पिटल, सेवन हिल हॉस्पिटल, कोहिनूर हॉस्पिटल, केईएम हॉस्पिटल, जेजे हॉस्पिटल, सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल समेत 50 से ज्यादा अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरे ईमेल वीपीएन नेटवर्क का उपयोग करके भेजे गए हैं। प्रेषक की पहचान और धमकी का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है।मुंबई के बीएमसी मुख्यालय को एक धमकी भरा ईमेल मिला है। अज्ञात शख्स ने मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी। पुलिस ने बीएमसी मुख्यालय की जांच की लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

## भारतीय सेना का सिक्किम में राहत अभियान जारी, फंसे पर्यटकों को पैदल और वाहन से ले निकाला जा रहा



**गुवाहाटी, 19 जून [एजेंसी]।**

सिक्किम में पिछले हफ्ते आई भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से सड़क मार्ग टूट जाने के बाद हजारों पर्यटक जगह-जगह फंस गए। जिन्हें निकालने के लिए प्रशासन ने सेना का सहारा लिया। वहीं, पीआरओ रक्षा गुवाहाटी ने बताया कि भारतीय सेना त्रिशक्ति कोर ने उत्तरी सिक्किम में राहत अभियान जारी रखा है। बड़ी संख्या में भूस्खलन के कारण, जहां भी कनेक्टिविटी मौजूद है, वहां पर्यटकों को पैदल और वाहन से ले जाया जा रहा है।आगे बताया कि भारतीय सेना के इंजीनियर कनेक्टिविटी बहाल करने के लिए जनशक्ति और भंडार प्रदान करके बीआरओ की सहायता कर रहे हैं। चिकित्सा टीमों ने चिकित्सा सहायता बूथ स्थापित किए हैं और जरूरतमंद निवासियों और पर्यटकों को चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहे हैं।

## मुस्लिमों के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं, हमारे बारह को लेकर बोला हाईकोर्ट - सोच में डालने वाली है फिल्म

**मुंबई, 19 जून [एजेंसी]।**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि फिल्म हमारे बारह में मुस्लिम समुदाय या कुरान के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। यह फिल्म वास्तव में महिलाओं के उत्थान के लिए है। जस्टिस बीपी कोलाबावाला और फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा, फिल्म से सभी आपत्तिजनक दृश्य हटा दिए गए हैं। यह वास्तव में सोचने वाली फिल्म है।कोर्ट ने कहा कि यह फिल्म ऐसी नहीं है, जिसमें दर्शकों से बिना दिमाग लगाए फिल्म का आनंद लेने की अपेक्षा की जाती है। आश्चर्य है कि याचिकाकर्ता फिल्म के खिलाफ बयान दे रहे हैं, जबकि उन्होंने फिल्म देखी ही नहीं है। कोर्ट ने कहा कि उसने सभी आपत्तिजनक अंशों को हटाने के बाद फिल्म देखी है और इसमें ऐसा कुछ भी नहीं मिला है जो हिंसा भड़काए।कोर्ट ने कहा कि उसके पास कुछ दृश्यों पर कुछ सुझाव हैं। यदि



सभी संबंधित पक्ष सहमत होते हैं तो सहमति शर्तें प्रस्तुत की जा सकती हैं, जिसके बाद बुधवार को कोर्ट फैसला सुनाएगा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि वह सेंसर बोर्ड से प्रमाण प्राप्त करने से पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज करने के लिए फिल्म निर्माताओं पर जुर्माना लगाएगी। पीठ ने याचिकाकर्ताओं से सहमति जताई कि ट्रेलर और पोस्टर आपत्तिजनक थे।कोर्ट ने फिल्म के निर्माताओं को किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले संवाद और दृश्य शामिल न करने की चेतावनी दी। हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर कर दावा किया गया था कि इस फिल्म में कुरान में कही गई बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है।

हाईकोर्ट ने फिल्म की रिलीज को स्थगित कर दिया था, लेकिन बाद में निर्माताओं द्वारा यह कहने के बाद कि आपत्तिजनक अंशों को हटा दिया जाएगा, रिलीज की अनुमति दे दी। इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसने फिल्म रिलीज पर रोक लगा दी और हाईकोर्ट को उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया था। यह फिल्म सात जून और फिर 14 जून को रिलीज होने वाली थी।गुजरात हाईकोर्ट ने बालीवुड अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद की पहली फिल्म महाराज पर अंतरिम रोक मंगलवार को एक दिन के लिए बढ़ा दी। इस फिल्म को पिछले सप्ताह नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाना था।

## नाराज बॉयफ्रेंड ने सरेआम प्रेमिका का किया मर्डर, सिर पर स्पैनर से वार करते हुए कहता रहा- तुमने मेरे साथ ऐसा क्यों किया

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में एक दिलदहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां के वसई रोड पर सरेआम एक नाराज प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के सिर पर स्पैनर से ताबड़तोड़ 18 बार वार कर हत्या कर दी। हैरत की बात यह कि इस नृशंस घटना के समय मौके पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन युवती को बचाने के लिए कोई भी आगे नहीं आया। सभी तमाशबीन बने रहे। यह घटना शुक्रवार सुबह की बताई गई है। लेकिन, पुलिस ने इसका पर्दाफाश मंगलवार को किया।युवती के सड़क पर लहूलुहान होकर गिर जाने के बाद भी आरोपित उस पर हमला करता रहा। वह घटनास्थल से भागा नहीं, बल्कि शव के पास ही बैठा रहा। पुलिस के अनुसार आरोपित का नाम रोहित यादव है। युवती आरती यादव उसके पड़ोस में रहती थी। कुछ समय के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं और पिछले कुछ वर्षों से दोनों रिश्ते में थे। लेकिन, कुछ समय से युवती रोहित के संपर्क में नहीं थी। उसने बातचीत करना भी बंद कर दिया था।इससे रोहित उसे संदेह की नजर से देखने लगा। आरोपित रोहित को लगा कि उसका किसी और के साथ संबंध हो गया है। इसी के चलते उसने इस जघन्य घटना को अंजाम दे डाला।पुलिस के अनुसार, स्पैनर से हमला करते हुए आरोपित लगातार यही कहता रहा कि तुमने मेरे साथ ऐसा क्यों किया। यही कहकर वह स्पैनर से ताबड़तोड़ वार करता रहा।पुलिस ने कहा है कि सीसीटीवी फुटेज में घटना के समय बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद दिख रहे हैं। लेकिन, किसी ने आगे आकर युवती को बचाने का प्रयास नहीं किया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वसई के चिंचपाड़ा इलाके में सुबह हुए इस हमले का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। पुलिस ने इस घटना का वीडियो बनाने वाले दो लोगों को हिरासत में लिया है।इसमें एक महिला भी शामिल है। इन दोनों ने ही घटना के वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया है। आरती की बहन ने दावा किया है कि उस व्यक्ति ने पहले भी उसकी बहन पर हमला करने का प्रयास किया था। हमने पुलिस से संपर्क किया था। घंटों इंतजार कराने के बाद हमसे कहा गया कि वह व्यक्ति अब कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

## कंगाल पाकिस्तान में आटे के बाद आसमान में दूध के दाम, कीमत पहुंची 200 के पार



**कराची, 19 जून [एजेंसी]।**

आर्थिक चुनौतियों से लगातार जूझ रहे पाकिस्तान की आवाम को कई मंहगाई की मार झेलनी पड़ रही है। दूध सहित जरूरत के सामानों की कीमतें बढ़ गई हैं। आवश्यक वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों के कारण ऊर्जा की कमी और वैश्विक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। इन कठिनाइयों के बीच कराची में लोगों के बीच निराशा और चिंता की आवाज गूंज रही हैं। इस समय पाकिस्तान में दूध की नई कीमत 220 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर हो गई है। कराची के निवासी एम. अख्तर ने दिहाड़ी मजदूरों और श्रमिकों के सामने आने वाले संघर्षों को व्यक्त किया। इसमें न केवल दूध पर बल्कि घी जैसे संबंधित उत्पादों पर भी बढ़ती कीमतों के प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि हम इस महंगाई के दौर में अपने घरों का खर्च नहीं चला सकते। उन्होंने सरकार से इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने नागरिकों की दुर्दशा पर विचार करने का आग्रह किया।

कराची और पूरे पाकिस्तान में, मुद्रास्फीति के खिलाफ संघर्ष केवल आर्थिक आंकड़ों के बारे में नहीं है, बल्कि नागरिकों द्वारा सामना की जाने वाली दैनिक वास्तविकताओं के बारे में है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कराची में दूध की कीमत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जब डेयरी किसानों और थोक विक्रेताओं ने कमिश्नर कराची के साथ मिलकर कीमतों में 20 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर की वृद्धि करने का समझौता किया। यह निर्णय कई घंटों तक चले व्यापक परामर्श सत्र के बाद लिया गया, जहां आयुक्त ने मूल्य समायोजन पर चर्चा करने और उसे अंतिम रूप देने के लिए डेयरी फार्मिंग, थोक और खुदरा क्षेत्रों के हितधारकों के साथ बैठक की।गहन विचार-विमर्श के बाद, सभी पक्ष 20 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी को लागू करने के लिए आम सहमति पर पहुंचे, जिससे दूध की नई कीमत 220 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर हो गई है।

## विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र भाजपा नेतृत्व में क्या होगा कोई बदलाव, शाह और नड्डा ने बनाई ये रणनीति




**मुंबई, 19 जून [एजेंसी]।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में हुई भाजपा कोर कमेटी की बैठक के बाद स्पष्ट कर दिया गया है कि विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश नेतृत्व में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।हाल के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। वह पिछली बार की 23 सीटों से घटकर नौ सीटों पर आ गई है, जबकि वह पिछली बार 25 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और इस बार 28 सीटों पर लड़ी। इस हार के बाद उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने पद से त्यागपत्र देने की पेशकश करते हुए कहा था कि वह अपना पूरा समय संगठन को देना चाहते हैं। मंगलवार को दिल्ली में हुई पार्टी की कोर कमेटी की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट कर दिया कि चार महीने बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र भाजपा नेतृत्व में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

एक दिन पहले ही पार्टी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र भाजपा का चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को सह-प्रभारी बनाकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रति भाजपा की गंभीरता का संकेत दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, कोर कमेटी की बैठक में हार के कारणों पर भी चर्चा हुई, लेकिन ज्यादा जोर विधानसभा चुनावों में पिछली कमियों को दूर कर पूरी ताकत से उतरने पर रहा। लोकसभा चुनाव में भाजपा एवं उसके मित्र दलों के बीच सीटों का समझौता होने में काफी देर हो गई थी। चुनाव में कई सीटों पर हार का यह भी एक कारण रहा है।

केंद्रीय नेतृत्व चाहता है कि इस बार मित्र दलों के साथ सीटों का बंटवारा जल्द हो जाए, ताकि सभी दलों के प्रत्याशी अपनी सीटों पर पूरा समय देकर चुनाव लड़ सकें। महाराष्ट्र में राकांपा और भाजपा के कुछ नेताओं के बीच हार का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ने की शुरुआत हो गई दिखती है। लेकिन सूत्रों के अनुसार केंद्रीय नेतृत्व ने अभी तक शिवसेना (शिंदे) या राकांपा (अजीत) से अलग होकर चुनाव लड़ने के संकेत प्रदेश के नेताओं को नहीं दिए हैं।

## देश में महिलाओं के खिलाफ नहीं थम रही हिंसा महिला आयोग को मिलीं 12 हजार से अधिक शिकायतें



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग को इस वर्ष अभी तक 12,600 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इनमें सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश से मिली हैं। एनसीडब्ल्यू के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू हिंसा से इतर अन्य उत्पीड़न की शिकायतें 3,107 हैं।घरेलू हिंसा की 3,544 शिकायतें मिली हैं। इनके अलावा दहेज उत्पीड़न की 1,957 शिकायतें, छेड़खानी की 817 शिकायतें, महिलाओं की शिकायतों के प्रति पुलिस की उदासीनता की 518 शिकायतें और दुष्कर्म एवं दुष्कर्म के प्रयास की 657 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। आंकड़ों के अनुसार, यौन उत्पीड़न की 493, साइबर अपराधों की 339, पीछा किए जाने की 345 और झूठी शान के लिए अपराधों की 206 शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं। आयोग को उत्तर प्रदेश से सबसे अधिक 6,470 शिकायतें मिली हैं। वहीं, दिल्ली से 1,113, महाराष्ट्र से 762, बिहार से 584, मध्य प्रदेश से 514, हरियाणा से 506, राजस्थान से 408, तमिलनाडु से 301, बंगाल से 306 और कर्नाटक से 305 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पिछले वर्ष 2023 में राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं से संबंधित कुल 28,811 शिकायतें दर्ज की थीं।

# नियमों की अनदेखी का शिकार हुई कंचनजंघा एक्सप्रेस , रेलवे की जांच में सामने आए ये बड़े कारण

**सिलीगुड़ी, 19 जून [एजेंसी]।**

कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना की जांच शुरू करने के साथ ही रेलवे के विशेषज्ञों ने मान लिया है कि नियमों की अनदेखी की वजह से मालगाड़ी ने एक्सप्रेस ट्रेन को टक्कर मारी। सिग्नल खराब होते हैं। खराब सिग्नल को पार करने के लिए अधिकार पत्र दिए जाते हैं। इस मामले में भी ऐसा हुआ, लेकिन मालगाड़ी सतर्कता और धीमी गति के साथ आगे बढ़ने की नियमों का उल्लंघन करते हुए दौड़ी।ऐसा क्यों हुआ, इसकी जांच की जा रही है। उत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग मंगलवार को घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। मंगलवार को इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 10 हो गई। सिलीगुड़ी में इलाज के दौरान एक छह साल की बच्ची की मौत हो गई।अभी भी 38 घायलों का उत्तर बंगाल मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। रेलवे ने मृतकों के स्वजन तथा घायलों को अनुग्रह राशि का भुगतान कर दिया है। बचाव कार्य थमने के बाद रेलवे ने कड़ी मशक्कत के बाद पूर्वोत्तर के राज्यों को शेष भारत से जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण रेल मार्ग पर आवागमन शुरू करा दिया है। दुर्घटना में घायल मालगाड़ी के अस्सिटेंट लोको पायलट मोनू कुमार से भी पूछताछ शुरू हो गई है। मालगाड़ी के लोको पायलट अनिल कुमार की मौत हो गई है, जबकि मोनू ने सीट के नीचे बैठकर जान बचाई। वे घटना के प्रमुख प्रत्यक्षदर्शी हैं।



रेलवे अधिकारियों ने उनसे मंगलवार को पूछताछ की। मोनू दुर्घटना के बाद सदमे हैं।

यह नहीं पता चल पाया कि है कि दुर्घटना के कारणों के बारे में उन्होंने क्या कहा इस बीच एक यात्री चैताली मजूमदार ने मालगाड़ी के लोको पायलट और अस्सिटेंट लोको पायलट के खिलाफ न्यू जलपाईगुड़ी जीआरपी थाने में एफआइआर दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि इनके गैर जिम्मेदाराना ढंग से ट्रेन चलाने की वजह से दुर्घटना हुई।सोमवार को दार्जिलिंग जिले के रांगापानी और चटेर हाट स्टेशन के बीच कंचनजंघा एक्सप्रेस के पिछले हिस्से में मालगाड़ी ने टक्कर मारी थी। मंगलवार की सुबह दुर्घटना की जांच शुरू हुई।

उत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग घटनास्थल पर गए फिर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास कार्यालय में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। गर्ग के साथ कटिहार डिवीजन के डीआरएम सुरेंद्र कुमार समेत अन्य वरिष्ठ भी थे।गर्ग ने कहा कि स्वचालित सिग्नल प्रणाली में खराबी आती है। ऐसी स्थिति में ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए लोको पायलट को अधिकार पत्र दिया जाता है, लेकिन उसके नियमों का पालन करना होता है। इसके बाद भी मालगाड़ी इतनी स्पीड में कैसे चली, इस मामले में क्या गलती हुई है, उसी का जांच की जा रही है। सारे संबंधित रिकार्ड और अधिकार पत्र सील कर दिए गए हैं। सभी संबंधित लोगों से पूछताछ की जाएगी।

## राजस्थान सरकार लाएगी मतांतरण विरोधी कानूनी, सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा



**नई दिल्ली 19 जून।** राजस्थान सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह राज्य में अवैध तरीके से मतांतरण के खिलाफ कानून लाने जा रही है।राज्य सरकार ने शीर्ष कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में कहा -राजस्थान राज्य अपना खुद का कानून लाने की प्रक्रिया में है और तब तक वह इस विषय पर कानून या शीर्ष अदालत द्वारा पारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भरत लाल मीणा की ओर ये 2022 की एक जनहित याचिका के जवाब में यह हलफनामा दिया गया है। वकील अश्विनी उपाध्याय ने अधिवक्ता अश्विनी दुबे के माध्यम से शीर्ष कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों को धोखाधड़ी से और विभिन्न तरह के लालच देकर कराए जाने वाले मतांतरण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने और उन्हें निर्देश देने की मांग की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने केंद्र व राज्यों से जवाब मांगा था। राजस्थान ने इसी के चलते यह हफलनामा दाखिल किया था।

## माहौल बदल रहा है, शरद पवार ने किया बड़ा दावा, कहा - स्पष्ट हो गया है...



**मुंबई 19 जून।** राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि हाल के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के मतदाताओं ने पूरे देश को यह संदेश दे दिया है कि राज्य में माहौल बदल रहा है। पवार ने यह बयान बारामती एक गांव में किसानों से बातचीत करते हुए दिया। वह चुनाव परिणाम आने के बाद पिछले कुछ दिनों से अपने गृहनगर बारामती में ही जमे हैं। वहां वह अलग-अलग समूहों में लोगों से बातचीत कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को निम्बुत गांव के किसानों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में हमने (राकांपा-शरदचंद्र पवार) केवल 10 सीटों पर चुनाव लड़ा था। लेकिन इन 10 में से आठ उम्मीदवारों को चुनकर राज्य की जनता ने पूरे देश में यह संदेश दिया है कि राज्य का माहौल बदल रहा है।उन्होंने कहा कि हालांकि राज्य की बागडोर भाजपा के हाथों में है, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान लोगों की भावनाओं को देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि अगले विधानसभा चुनाव में परिणाम अलग आने वाला है।

# कृति खरबंदा ने भारतीय सिनेमा में पूरे किए 15 साल



शादी में जरूर आना, कारवां, हाउसफुल 4 और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री कृति खरबंदा ने सिनेमा में 15 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने सफर को याद करते हुए एक लंबा नोट लिखा।

उन्होंने अपनी कन्नड़ फिल्म गुगली के रिलीज होने के समय की एक दिलचस्प कहानी भी शेयर की।

2009 में तेलुगू फिल्म बोनी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री ने अपने नोट की शुरुआत में लिखा, मैंने पिछले 15 साल, यानी अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा एक अभिनेत्री के रूप में बिताया है। जो एक शौक के रूप में शुरू हुआ, बिलों का भुगतान करने और पहचान पाने का एक तरीका था, वह धीरे-धीरे एक जुनून में बदल गया! एक ऐसा जुनून जिसके बारे में मुझे पता भी नहीं था कि वह मेरे अंदर मौजूद है।

उन्होंने बताया कि अपने सफ़र के दौरान, वह एक इंसान और एक अभिनेता के रूप में विकसित हुईं। इस दौरान व्यवसाय के बारे में उनकी गहरी समझ ने उन्हें फ़िल्म उद्योग के प्रति और अधिक आकर्षित किया।

उन्होंने आगे बताया कि आज जब मैं एक अभिनेता के रूप में 15 साल पूरे कर रहा हूँ, तो मैं आपके साथ एक कहानी साझा करना चाहता हूँ। मैं अपनी किशोरावस्था से ही अपनी माँ के साथ एक बुटीक चलाता था। हम खरीदारी करते थे, डिज़ाइन करते थे और कपड़े और अन्य चीज़ें खरीदने में बहुत समय बिताते थे। इसलिए मेरी कन्नड़ फ़िल्म गुगली की रिलीज़ के कुछ दिनों बाद हम एक मॉल में गए।

जब अभिनेत्री स्टोर में दाखिल हुई तो सब कुछ ठीक था। जब वह बाहर निकली तो उसने पाया कि स्टोर के बाहर सैकड़ों लोग खड़े थे।

इन 15 सालों में, अभिनेत्री ने भारतीय सिनेमा के कुछ सबसे बड़े सितारों जैसे पवन कल्याण, यश और अन्य के साथ काम किया है। उन्होंने राज: द रीबूट से बॉलीवुड में कदम रखा।

अभिनेत्री ने साझा किया: आज मैं इस अवसर पर खुद को धन्यवाद देना चाहती हूँ। छोटी, भोली, भरोसेमंद, भावुक, साहसी मैं। मैं आज यहाँ उसकी वजह से हूँ, क्योंकि वह हार मान सकती थी। मुझे पता है कि जब चीजें मुश्किल हो गईं तो वह हार मानना चाहती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। वह आगे बढ़ती रही। और मैं आज के लिए खुद को धन्यवाद देना चाहती हूँ। मैं उस व्यक्ति पर बहुत गर्व करती हूँ जो मैं बन गई हूँ और मैं अपने बारे में कुछ भी नहीं बदलना चाहती। इस अविश्वसनीय यात्रा का हिस्सा बनने वाले सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद।

## थाई स्लिट ड्रेस पहन अवनीत कौर ने लगाया हॉटनेस का ओवरडोज तड़का

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर अक्सर इंटरनेट पर सनसनी मचा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने कान्स फिल्म फेस्टिवल इवेंट की कुछ बेहद ही स्टनिंग फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदरा एक्टिंग और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस से फैंस को इस कदर इंप्रेस किया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

हाल हील में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने कान्स फिल्म फेस्टिवल की कुछ बेहद ही ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें वो अपनी कातिल अदाओं से फैंस के बीच कहर बरपा रही हैं।

अवनीत कौर जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने उनकी इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है अमेजिंग। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- टू हॉट टू हेंडल, फिर तीसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग।

बता दें कि एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक फैंस के बीच आते ही छा जाता है। साथ ही फैंस उनके लुक्स की लोग तारीफ करते हुए भी नहीं थकते हैं।

अवनीत कौर अपने हर एक लुक को लेकर चर्चा में आ जाती हैं। उनका स्टनिंग अवतार अक्सर फैंस के बीच कहर ढाता है। हालांकि फैंस भी उनके स्टाइल को काफी ज्यादा फॉलो करते हैं।



## खाने के बिना तो कई दिन रह सकते हैं आप, पर क्या कभी सोचा बिना पानी कितने दिन तक रहा जा सकता है ?



पानी इंसानी शरीर की जरूरत है. एक निश्चित मात्रा में पानी शरीर को सही तरह से काम करने में मदद करता है. इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है. खाए बिना तो इंसान कई दिनों तक जिंदा भी रह सकता है लेकिन पानी के बिना ये कठिन है. ऐसे में एक सवाल उठता है कि आखिर एक इंसान बिना पानी के कितनों दिनों तक रह सकता है, पानी की कमी होने से क्या-क्या हो सकता है. आइए जानते हैं विस्तार से...

पानी की कमी से क्या होता है

जब इंसान का शरीर डिहाइड्रेट होता है तो उसे बहुत ज्यादा प्यास लगती है. पानी की कमी से उसे थकान महसूस होती है, ऑर्गन्स तक फेल हो सकते हैं, जिससे मौत हो सकती है. अगर पानी न पिया जाए तो पहले दिन इंसान को थोड़ी सुस्ती लगती है और तीसरे दिन तक कई अंग खराब हो सकते हैं. पानी की कमी का असर हर इंसान पर अलग-अलग हो सकता है. हालांकि, यह उसकी सहनशीलता के स्तर पर भी निर्भर करता है. चूंकि हमारे शरीर का 70त्न हिस्सा पानी से बना रहता है और इसके जरिए कई जरूरी काम पूरे किए जाते हैं. ऐसे में पानी के बिना ज्यादा दिनों तक सर्वाइव कर पाना आसान नहीं है. बिना पानी कितने दिनों तक रह सकता है इंसान

आम तौर पर कहा जाता है कि बिना पानी के एक इंसान तीन दिनों तक जीव?ित रह सकता है. हालांकि, ये अलग-अलग इंसानों के लिए अलग हो सकता है. यह दो दिन से एक हफ्ते तक हो सकता है. पानी को लेकर रूल ऑफ 3 भी माना जाता है. इसका मतलब इंसान हवा के बिना 3 मिनट, पानी बिना 3 दिन और खाए बिना 3 हफ्ते तक जिंदा रह सकता है.

ऑर्किव फर क्रिमिनोलॉजी की एक स्टडी में पाया गया है कि बिना खाए, बिना पानी इंसान 8 से 21 दिनों से ज्यादा जिंदा नहीं रह सकता है. पानी की कमी से शरीर पर कई नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है. हालांकि, ये सब रहन-सहन और क्लाइमेट पर निर्भर करता है.

शरीर को कितने पानी की जरूरत

1. नेशनल अकेडमिक्स के मुताबिक, दिन में पुरुषों को 3.6 लीटर और महिलाओं को 2.6 लीटर पानी पीना चाहिए. इस मात्रा को लिक्विड और फूड से प्राप्त कर सकते हैं.

2. पानी की जरूरत हर इंसान की उम्र, फिजिकल एक्टिविटी, हेल्थ, फिजिकल कैपिसिटी, हाइट, वेट, लिंग और खानपान पर निर्भर करता है.

3. पानी से भरपूर फल, सब्जी और जूस लेने वालों को ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है, जबकि अनाज, ब्रेड या सूखे फूड्स लेने पर पानी की ज्यादा जरूरत होती है.

4. इंसान के आसपास के क्लाइमेट पर भी निर्भर करता है कि उसकी बॉडी को कितना पानी चाहिए.

## राम पोथिनेनी और संजय दत्त की फिल्म डबल इस्मार्ट की रिलीज डेट आई सामने, 15 अगस्त को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल इस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। पुरी जगन्नाथ की डबल आईस्मार्ट स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म निर्माता और चार्ममे कौर के बैनर पुरी कनेक्ट्स द्वारा समर्थित इस फिल्म में राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निर्माता पुरी जगन्नाथ की आगामी फिल्म डबल इस्मार्ट 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने आज शनिवार को इसकी घोषणा की है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए राम पोथिनेनी ने फिल्म की रिलीज का जानकारी दी है। डबल इस्मार्ट पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज की जाएगी। निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए रिलीज डेट की जानकारी दी है। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जो दर्शकों को काफी पसंद आया था। अब लोगों को फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार है। टीजर की बात करें तो एक मिनट 26 सेकंड के वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी हैं। टीजर में बिग बुल बने संजय दत्त नए अवतार में नजर आए थे। ये फिल्म पोथिनेनी और जगन्नाथ की 2019 की साइंस-फाई एक्शन फिल्म आईस्मार्ट शंकर का सीक्वल है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी। डबल इस्मार्ट के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाथ और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

## कितने दिन में बदल लेना चाहिए तकिए का कवर? की लापरवाही तो इतनी ज्यादा बिगड़ सकती है तबीयत

बिस्तर पर सुकून की नींद के लिए तकिया होना जरूरी होता है. कुछ लोग तो कई तकिए लेकर सोते हैं. तकिए के साथ सोना तब तक गलत नहीं होता है, जब तक कई-कई दिनों तक उसके कवर को बदला न जाए. दरअसल, पिलोकेस अगर सही समय न बदला जाए तो बैक्टीरिया और बीमारियों उसे अपना घर बना सकते हैं. इससे स्किन से जुड़ी कई दिक्कतें हो सकती हैं, इसलिए एक निश्चित समय के बाद तकिए के कवर (क्ष्द्यद्यश2 ष्टश1द्गह्) को जरूर बदल देना चाहिए.

बीमारियों का घर है तकिए का कवर

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कम से कम हर हफ्ते तकिए का कवर बदलना चाहिए. अगर ऐसा नहीं करते हैं तो स्किन को काफी नुकसान उठाने पड़ सकते हैं. स्किन से जुड़ी बीमारियां फैल सकती है. कई बार तो इसका इलाज करवाना भी काम नहीं आता है. दवा बेअसर साबित हो सकती है.

हर हफ्ते न बदले तकिए का कवर तो क्या होगा

हेल्थ एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि तकिए की



खोल यानी कवर हर हफ्ते बदल लेना चाहिए. दरअसल, तकिए के कवर में हर दिन धूल और कण के अलावा तेल, डेड स्किन, हानिकारक बैक्टीरिया, कई तरह की गंदगी और घर में अगर पालतू जानवर हैं तो उनके बाल चिपक जाते हैं. जिसकी वजह से चेहरे पर पिंपल्स, दाग-धब्बे आने लगते हैं. इसलिए समय-समय पर पिलोकेस बदलने रहना चाहिए. वरना चेहरे कि स्किन पूरी तरह तबाह हो सकती है. इतना ही नहीं हर छह महीने में एक बार तकिए को साफ या ड्राई क्लीन या उसे भी बदल देना चाहिए.

अगर हफ्ते में आप अपना पिलो कवर नहीं बदलते तो यह एलर्जी का कारण बन सकता है. कई बार इसकी वजह से इंफेक्शन हो सकता है. हर दिन लोग अलग अलग जगह से आने के बाद बेड पर आते हैं ऐसे में यह अनहाइजीनिक भी हो सकता है. इसके अलावा अगर आप समय समय पर अपनी बेडशीट और पिलो कवर नहीं बदलते तो यह कंफर्ट कम कर देता है. आरामदायक महसूस होने की जगह अनकंफरटेबल फील होने लगता है. पिलो कवर बदलने से आपका तकिया की उम्र भी बढ़ जाती है. इसके अलावा समय समय पर बेडशीट और तकिया का कवर बदलने से पॉजिटिविटी आती है और कमरे की खूबसूरती बढ़ जाती है.

तकिए का कवर कैसे लें

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर तकिए का कवर सिल्क का है तो बैक्टीरिया कम लगते हैं. इससे चेहरे पर पिंपल्स भी नहीं निकलते हैं. स्टडी में पाया गया कि स्किन की सेहत के लिए तकिए में कॉटन नहीं सिल्क कवर ज्यादा अच्छा होता है. इससे दिक्कते होने का रिस्क कम होता है.

## शब्द सामर्थ्य -092

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 091 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## उर्वशी रौतेला और रवि किशन की जेएनयू का ट्रेलर जारी, 21 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक



बॉलीवुड में अक्सर गंभीर मुद्दों को दिखाती कई फिल्में बन चुकी हैं। इसी कड़ी में निर्देशक विनय शर्मा जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें कॉलेज स्टूडेंट्स का वो चेहरा दिखाया जाएगा, जो रोमांस से दूर राजनीति के बारे में क्या सोचता है और क्या करना चाहता है, इस पर फिल्म होगी। फिल्म का नाम जेएनयू: जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी है। फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया, जिसे सोशल मीडिया पर खूब तारीफें मिल रही है।

उर्वशी रौतेला, पीयूष मिश्रा, रवि किशन, सिद्धार्थ बोडके, विजय राज, रश्मि देसाई, अतुल पांडे और शिवज्योति राजपूत जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों से सजी जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद 21 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर के बाद आखिरकार जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। विवादित कहानी वाली इस फिल्म ने अपने ट्रेलर की वजह से और भी चर्चा बटोरी है। यह ट्रेलर दर्शाता है कि कॉलेज कैंपस में मार्क्सवादी विचारधारा किस तरह हावी है। ये लेफ्ट यूनिट वालों ने पूरे कैंपस को जात-पात में बांट दिया है। ट्रेलर में इस तरह के डायलॉग इसे और भी प्रभावी बनाते हैं। अब हम लोग बोलेंगे भी और लड़ेंगे भी। इस तरह के डायलॉग से भरे ट्रेलर ने फिल्म की एक झलक दिखा दी है। यूनिवर्सिटी कैंपस की राजनीति कहां से जुड़ी है, ये इस एक लाइन से पता चलता है यहां से सीधे संसद में.... गोधरा के लोग पीएम बनने का सपना देख रहे हैं और अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं, इस तरह के विवादित डायलॉग फिल्म के ट्रेलर को और दिलतस्प बना रहे हैं। क्या एक यूनिवर्सिटी पूरे देश को हिला सकती है? ट्रेलर का सार यही है। यह पहली बार नहीं है, फिल्म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी के पोस्टर्स ने भी मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी हैं और अब ट्रेलर भी ध्यान खींच रहा है। जेएनयू के ट्रेलर में फिल्म की कहानी की एक झलक पेश की गई, जिसमें विरोध प्रदर्शन के दृश्य, आपराधिक साजिश के आरोप, राजद्रोह के आरोप और आतंकवाद समर्थक भावनाओं का चित्रण दिखाया गया। यह एक ऐसे विचार को दिखाता है, जो जेएनयू की आंतरिक कार्यप्रणाली में गहराई से उतरता है, जहां दो पार्टी के नेता सत्ता के लिए निरंतर संघर्ष में लगे रहते हैं और वैचारिक झगड़े और राजनीतिक पैंतरेबाजी को बढ़ावा देते हैं।





# चुनावी जीत के बाद कांग्रेस का कार्यक्रम, बड़ी संख्या में जुटे लोगों को विकास के लिए आश्वस्त किया सांसद ने

**कोरिया/बैकुंठपुर।** बेहतर चुनाव संचालन में माहिर एवं कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी कर चुनाव में अप्रत्याशित लीड दिलाने के मामले में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के पूर्व अध्यक्ष तथा जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल के द्वारा आयोजित उनके गृह ग्राम मनसुख में आभार रैली में हजारों की उपस्थिति देखकर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत कई घंटे तक कार्यकर्ताओं के बीच में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तो वही कोरबा लोकसभा क्षेत्र की लोकप्रिय प्रत्याशी ज्योतसना चरण दास महंत के देर रात पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया।

सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर महंत ने कहा कि इस क्षेत्र की समस्याओं को पूर्व जोर उठाएंगे एवं क्षेत्र वासियों के हर दुख सुख में शामिल होंगे तो वहीं ग्रामीणों ने धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग रखी जिस पर डॉक्टर महंत ने कहा कि निश्चित तौर पर इस क्षेत्र के किसानों के लिए धान खरीदी केंद्र खोलना अति आवश्यक है तो वहीं पर ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन निर्माण की भी मांग की जिस पर भी हामी भरते हुए महंत परिवार ने कहा कि इस क्षेत्र की हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। निश्चित तौर पर चुनाव संचालन एवं आम नागरिकों के बीच में बेहतर पहुंच रखने वाले अशोक जायसवाल के कार्य शैली को लेकर भी ग्रामीणों ने खूब तारीफ की तो वहीं महंत परिवार ने भी श्री जायसवाल की तारीफ की तथा जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के बेहतर चुनाव संचालन को लेकर भी महंत परिवार काफी खुश नजर आए। इस दौरान इस क्षेत्र के लगभग 30 गांव के 27 पोलिंग बूथ के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यकर्ताओं में एसपी तिवारी भूपेंद्र सिंह अजय सिंह मोहम्मद हुसैन मोहम्मद रफीक मोहम्मद इब्राहिम उदित नारायण पांडे श्यामलाल इंद्रपाल प्रकाश जगदंबा जयकारा उमेद सिंह नारायण सिंह भोला सिंह जगन्नाथ जगमोहन जय लाल सूरज दयाल रमेश प्यारा अधीन सिंह कुशाल सिंह संतोष सिंह ननका साहू मनोज पठारी विजय पठारी पवन सिंह बचन सिंह अखिलेश हंस लाल विनोद जायसवाल भारत खेदन सिंह बेन सिंह नरेश जगदीश जायसवाल पुष्पराज जायसवाल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मंत्री श्याम बिहारी ने लोगों को सुविधा देने हल्दीबाड़ी में कार्यालय किया प्रारंभ



**कोरिया चिरमिरी।** हल्दीबाडी चिरमिरी में स्थानिय निवासीयो के मुलभुत सुविधाओ कें त्वरित निराकरण हेतु सुव्यस्थित कार्यालय संचालित किया जा रहा है। बीते विधानसभा चुनाव उपरांत कुछ ही समय पश्चात लोकसभा चुनाव हेतु आदर्श आचार सहिंता लागु हो जाने के कारण विधायक कार्यालय के आरंभ होने में बिलंभ हो चुका था। उल्लेखनीय है कि विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के प्रथम कार्यकाल वर्ष 2013 से वर्ष 2018 तक के दौरान भी श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा क्षेत्र की जनता की समस्याओ के निदान हेतु चिरमिरी मनेन्द्रगढ व खडगवां में इसी प्रकार के कार्यालय स्थापित किया गया था। विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के द्वितीय कार्यकाल में आमजनो के विभिन्न समस्याओ के निवारण के लिये स्थानिय कार्यालय की मांग बढती जा रही थी। इसी तारतम्य में बीते दिवस चिरमिरी हल्दीबाडी में क्षेत्रिय विधायक कार्यालय का विधीविधान से पुजा अर्चना किया जाकर लोकार्पण के दौरान श्याम बिहारी जायसवाल ने जानकारी देते हुये बताया कि उक्त के आरंभ का मुख्य उद्देष्य यह कि आमजनो को किन्ही भी समस्या हेतु भटकना न पडे और यह हमारे लिये महत्वपुंर्ण है कि जनता हमारे पास आकर हम जनता के बीच पहुंच और उनकी समस्याओ पर समय रहते निदान कराने का प्रयास करेगें। आपके विधायक को राज्य स्तर पर भी राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य मंत्री का दायित्वो का निवर्हन हेतु अथक प्रयास पर इस कार्यालय का विषेश योगदान रहेगा। मैं क्षेत्र में हमेशा उपस्थित न हो पाने की स्थिति में कार्यालय स्टाफ द्वारा आमजनों की समस्या, शिकायत एकत्रित करेगें साथ ही उक्त कार्यालय के सुगम संचालन हेतु एक कार्यालय प्रभारी तथा सह कार्यालय प्रभारी की नियुक्ति की जायेगी जिनके द्वारा अपने स्तर पर छोटे बडे समस्यो का हल करेगें साथ ही मेरे द्वारा प्रतिदिन कार्यालय की समस्याओ, आवेदनो का संज्ञान लिया जायेगा तथा त्वरित रूप से जनता की समस्याओ का निराकरण संपादित किया जायेगा।

## जिले के सभी 2085 शासकीय स्कूलों में चलाया गया शाला स्वच्छता अभियान

**सूरजपुर।** शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर आज जिले के सभी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में शाला स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिले के सभी 2085 स्कूलों में श्रमदान के माध्यम से इस कार्यक्रम का संपादन किया गया। शाला स्वच्छता अभियान में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्कूली शिक्षक, विद्यार्थियों के पालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की दीदियों, ग्रामवासी व अन्य के द्वारा स्वप्रेरणा से श्रमदान का कार्य किया गया। इसी के तहत आज शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में कलेक्टर श्री रोहित व्यास व अन्य ने श्रमदान कर शाला को स्वच्छ बनाने का कार्य किया। विद्यालय परिसर के अंदर कचरों का पृथक्करण किया गया, जिसमें पेड़ एवं पौधों से गिरे सूखे पत्तों को अलग से एकत्र कर उसे नापेड मे डाला गया ताकि उससे निर्मित खाद का उपयोग परिसर के पौधों में खाद के रूप मे किया जा सके। विद्यालय के छत की सफाई भी कि गई ताकि बरसाती पानी का ठहराव छत में ना हो इसके साथ ही सभी के सहयोग से स्कूल के प्रत्येक कक्ष की सफ़ाई की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया व उपस्थित जनों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर यहां श्रीमती गीता जयसवाल, सत्यनारायण जायसवाल, सीमांचल त्रिपाठी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू द्वारा बतरा के शासकीय विद्यालय में शाला स्वच्छता अभियान में श्रमदान के माध्यम से योगदान दिया गया, वहीं सभी शिक्षकों, अधिकारी एवं कर्मचारियों की संकुलवार ड्यूटी लगाई गई थी जहां उन्होंने श्रमदान के माध्यम से स्कूलों को स्वच्छ बनाने हेतु अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## रिकार्ड में मृत बताया जीवित को, प्रमाणपत्र लेने के लिए भटक रहा

**सूरजपुर।** जिले के श्यामनगर गांव में जीवित व्यक्ति को मृत घोषित करने का मामला सामने आया है। प्रशासनिक उदासीनता का दंश झेल रहा यह ग्रामीण खुद को जिंदा साबित करने के लिए कई महीनों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है। इससे शासन प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। भैयाथान तहसील की उप तहसील भटगांव के श्यामनगर गांव में जमीन हड़पने की नीयत से रिश्तेदारो ने जीवित नन्दलाल को मृत घोषित कर दिया। अब नन्दलाल हाथ में मैं जिंदा हूं साहब की तख्ती लेकर सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने मजबूर है। खुद को जीवित साबित करने के लिए श्यामनगर हरिजनपारा निवासी नंदलाल हरिजन दफ्तरों के चक्कर काट रहा है। पीड़ित नंदलाल की मानें तो उसने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से लेकर कलेक्टर तक से की है, लेकिन आज तक दस्तावेजो में वह जीवित साबित नही हो सका है। क्या किसी जीवित व्यक्ति को अपने आपको जिंदा साबित करना पड़ सकता है, यह सुनकर आपको अजीब सा लग रहा होगा, लेकिन ऐसा हुआ है। नन्दलाल नामक ग्रामीण के पास उसके जिंदा होने के तमाम दस्तावेज है। जो यह प्रमाणित करते हैं कि यह व्यक्ति जिंदा है। इसके बावजूद यह व्यक्ति सरकारी कागजों में आज भी मृत है। जानकारी के मुताबिक नंदलाल के रिश्तेदारों ने इसकी जमीन हड़पने के लिए सरकारी दस्तावेजों में इसे मृत साबित करने के उद्देश्य से तहसील में शपथ पत्र दाखिल किया है। इसमें यह बताया गया है कि नंदलाल की मृत्यु 40 साल पहले हो चुकी है।

# अमृत सरोवरों के तट पर 21 को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवसःडॉ आशुतोष

### योग दिवस पर आयोजन और बारिश के पूर्व सभी मिटटी कार्यों के मूल्यांकन,सत्यापन हेतु निर्देश जारी

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** अपनी विशेषता के कारण भारतीय योग अब भारत सहित पूरे विश्व में तेजी से अपनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सभी अमृत सरोवरों के तट पर भी किया जाएगा। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर कोरिया एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में पूरे जिले में यह आयोजन किया जाएगा। योग दिवस के आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष ने बताया कि राज्य स्तर से इस आयोजन के विस्तृत दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं जिनके तारतम्य में जनपद पंचायतों के आवश्यक गतिविधियों की रूपरेखा प्रेषित की गई है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस के आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक अमृत सरोवरों के तट पर योग के सामान्य आसन, प्राणायाम और ध्यान आदि के सहज क्रियाओं का अभ्यास करेंगे। इसके लिए मार्गदर्शिका जारी की गई है। आम जनों को योग के लाभ का महत्व बताते हुए उन्हें योग के प्रतिदिन अभ्यास से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए परिचर्चा और गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसका मूल उद्देश्य आम जनों को योग के प्रयोग से आम जीवन में निरोगी रहने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना होगा। गतिविधियों के आयोजन के पश्चात इसका प्रतिवेदन जिला पंचायत कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश भी प्रसारित किए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष ने आगे बताया कि अमृत सरोवरों के तट पर आयोजन किया जाना है और यदि बारिश हो जाती है तो यह आयोजन ग्राम पंचायत भवन या उस ग्राम में उपलब्ध सार्वजनिक भवनों में भी किया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ ही बारिश के मद्देनजर सभी मिट्टी कार्यों के त्वरित मूल्यांकन एवं सत्यापन के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

बारिश के बाद मिटटी कार्यों के मूल्यांकन सत्यापन में दिक्कत हो सकती है इसलिए राज्य के निर्देशानुसार सभी मिटटी कार्यों खासकर अमृत सरोवरों और डबरी आदि के कार्यों में मिट्टी का मूल्यांकन आगामी दो दिवस में पूरा कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही इन समस्त कार्यों का सत्यापन अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## रामानुजंगज में 40 लाख का धान गायब, खरीदी प्रभारी पर एफआईआर




**रामानुजंगज।** बलरामपुर जिले के रामानुजंगज धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। यहां लगभग 40 लाख रुपये का धान ही गायब हो गया है। प्रशासनिक स्तर पर कराई गई जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद खरीदी प्रभारी महेश्वर गुप्ता के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीकृत कराया गया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भंवरमाल के धान उपार्जन केन्द्र रामानुजगंज में खरीफ वर्ष 2023-24 में धान खरीदी में अनियमितता की शिकायत पर प्रशासन ने जांच कराई। जांच में पता चला कि धान उपार्जन केन्द्र रामानुजगंज में धान खरीदी कार्य खरीदी प्रभारी महेश्वर गुप्ता , अनुज सिंह ,कृपाशंकर गुप्ता, कम्प्यूटर आपरेटर अमीरचन्द एवं जुरेश आलम के द्वारा किया गया। धान की कमी होने के कारण धान खरीदी केन्द्र रामानुजगंज का जांच अखलेश दास सहकारी निरीक्षक कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं बलरामपुर से कराया गया। जांच प्रतिवेदन के अनुसार खरीदी प्रभारी अनुज सिंह एवं कृपाशंकर द्वारा कुल 39 हजार 424.80 क्विंटल धान क्रय किया गया और संयुक्त रुप से दोनों के द्वारा 39 हजार 424.80 क्विंटल का धान उठाव भी करा लिया गया है। जांच में पता चला कि महेश्वर गुप्ता के द्वारा 11 हजार 168.80 क्विंटल धान खरीदी किया गया था। इनमें से मात्र 9887. 20 क्विंटल धान का ही परिवहन कराया गया है। शेष 1281.60 क्विंटल धान महेश्वर गुप्ता के द्वारा आज दिनांक तक उठाव नहीं कराया गया है। जांच अधिकारी द्वारा सत्यापन करने पर उपार्जन केन्द्र रामानुजगंज में वर्तमान में एक भी धान भरे हुए बारदाना की उपलब्धता नहीं पाया पाई गई। इसके लिए खरीदी प्रभारी महेश्वर गुप्ता को जिम्मेदार माना गया है। बताया गया कि 1281.60 क्विंटल धान की राशि 39 लाख 72 हजार 960 रुपये एवं 3204 नग मिलर बारदाना की राशि 80 हजार 100 रुपये कुल राशि 40 लाख 53 हजार 60 रुपये का अनियमितता किया गया है। नोटिस के बाद भी न तो कोई संतोषप्रद जबाब दिया गया और न ही इतनी बड़ी मात्रा में धान के सम्बंध में कोई जानकारी ही दी गई। लगभग 40 लाख रुपये का धान और बारदाना गायब होने के मामले में पुलिस ने खरीदी प्रभारी के विरुद्ध अपराध पंजीकृत किया है। बलरामपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के धान खरीदी केंद्रों में अनियमितता की शिकायत हर वर्ष सामने आती है। बिचौलियों से मिलीभगत कर धान खरीदी करने के अलावा संपूर्ण धान जमा नहीं करने की भी शिकायत सामने आती है उधर खरीदी में लगे कर्मचारियों का दावा है कि समय पर धान का उठाव नहीं करने के कारण सूखत आती है लेकिन रामानुजगंज उपार्जन केंद्र में शार्टेज की मात्रा अत्यधिक होने के कारण इसमें एफआइआर कराया गया है।

## सुखमनिया का बनना था पीएम आवास, प्यारी को दे दी राशि

**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ सुखमनिया के नाम पर और खाता नंबर दे दिया गया प्यारी का। इसी खाता नंबर पर स्वीकृत एक लाख तीस हजार रुपये में से 70 हजार रुपये की राशि भी जारी कर दी गई। इसी प्रकार पोसेल नामक ग्रामीण का आवास स्वीकृत हुआ लेकिन राशि भुगतान कर दिया गया एतराम के खाते में। पोसेल सोचता रह गया कि राशि मिलेगी तो वह प्रधानमंत्री आवास के तहत पक्के मकान का निर्माण शुरू करेगा लेकिन राशि उसे नहीं मिली। उसके नाम से स्वीकृत कुल एक लाख तीस हजार रुपये में से एक लाख 15 हजार का भुगतान एतराम के बैंक खाते में कर दिया गया। यह कोई लिपिकीय त्रुटि नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार हुआ है। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट ब्लाक में सुखमनिया,पोसेल जैसे सैकड़ों गरीब आदिवासी है जिनके पक्के आवास को भ्रष्टाचारियों ने अवैध कमाई के लिए सुनियोजित तरीके से छीन लिया है। प्रधानमंत्री आवास योजनाके तहत प्रति हितग्राही एक लाख तीस हजार रुपये का प्रविधान है। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। सरगुजा जिले के मैनपाट ब्लाक में जिन गरीबों के नाम पर आवास स्वीकृत हुआ था उनके बदले दूसरे लोगों के खाते में राशि अंतरित कर दी गई। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुई गड़बड़ी छत्तीसगढ़ में भाजपा के सत्तासीन होने के बाद सामने आई है। राज्य सरकार के निर्देश पर जब प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा शुरू हुई तो मैनपाट में बड़े पैमाने पर आवास अधूरे रहने की जानकारी सामने आई।

## सूने मकान से सोने-चांदी-हीरे के जेरात पार

**रायपुर।** रूआबांधा थाना क्षेत्र के एनएसपीसीएल कालोनी की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए अज्ञात चोरों ने संधमारी करते हुए सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अज्ञात चोरों ने एनएसपीसीएल कालोनी की सुरक्षा व्यवस्था को भेदकर इस चोरी को अंजाम दिया है। एक घर से 350 ग्राम सोना, 2 किलो चांदी, हीरे की अंगूठी सहित करीब 25 हजार रुपए नगदी पार कर दिया है।



## बलौदाबाजार जिले की घटना को लेकर कांग्रेसियों का धरना प्रदर्शन

**कोरिया बैकुंठपुर।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास मंहत के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में हुई आगजनी की घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया और मनेद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कांग्रेस कमेटी की ओर से बैकुंठपुर राजीव भवन के सामने कोंग्रेस के समस्त कार्यकर्ता एक दिवसीय धरना पर बैठे। धरने में मख्य रूप से छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत मौजूद रहीं। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से आये-दिन आगजनी और हिंसक घटनाएं बढ़ी हैं। ये प्रदर्शन प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार को जगाने की मुहिम है। कंग्रेस ने आगे कहा कि अभी छह माह भी नहीं हुए सत्ता में आए और लगातार घटनाएं हो रही है। आमलोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं ऐसे में सरकार को सचत्ता में रहने का अधिकारी नहीं है। वहीं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि बलौदाबाजार की घटना में सुनियोजित तरीके से भीड़ जुटाई गई थी। 25 हजार की भीड़ व्हाट्सएप मैसेज से बुलाया गया उनका अरेंजमेंट किया गया। बहुत सारी गाड़ियों में लोग डंडे लेकर घूम रहे थे। लोगों को हिंसा भड़काने के लिए बुलाया गया था। बलौदाबाजार जिले के ग्राम-महकोनी में जैतखाम के अपमान व तोड़-फोड़ मामले में संतोषप्रद कार्यवाही न होने की स्थिति में सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित रैली के दौरान उग्र प्रदर्शन से जिला कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित परिसर में हुयी आगजनी से सैंकड़ों की संख्या में दो पहिया/चार पहिया वाहनों एवं शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंची है। राज्य की भाजपा सरकार की नाकामियों, लचर कानून-व्यवस्था के चलते जिला मुख्यालय में इस प्रकार की घटना घटित हुयी है, जिसका परिणाम जिले के आम जनता एवं निर्दोषजन को भुगतने पर मजबूर होना पड़ा हैं सब बातों का जबाव साय सरकार को देना चाहिए। तीनो विधानसभा के, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, डॉ. विनय जायसवाल, गुलाब कमरो, जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, महामंत्री बृजवासी तिवारी, डमरू रेड्डी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, अशोक जायसवाल, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, शैलेंद्र सिंह, अनिल जायसवाल, शाहब अख्तर, संगीता राजवाड़े, रामकृष्ण साहू, सुरेद्र तिवारी, धीरज सिंह विकाश श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा सिंह समेत अन्य कोंग्रेस जन मौजूद रहे।

# नीति आयोग आकांक्षी ब्लाक में चला रहा कई प्रकार के कार्यक्रम, डीएम ने समीक्षा की

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा तथा विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री लंगेह ने आकांक्षी कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा दिए गए पांच थीम स्वास्थ्य और पोषण, षिक्षा, कृषि एवं सम्बद्ध सेवाएं, बुनियादी ढ़ाचे और सामाजिक विकास के अंतर्गत आयोग द्वारा प्राप्त छः संकेतक पर प्रमुखता से समीक्षा की। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के गर्भवती माताओं का रजिस्ट्रेषन, डायबटीज एवं ब्लड प्रेसर स्क्रीनिंग, महिला एवं बाल विकास विभाग के गर्भवती महिलाओं को अनुपूरक भोजन कृषि विभाग के मृदा परीक्षण कार्ड के विरूद्ध मृदा सैंपल कलेक्षन करने पर चर्चा की गयी। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से दिए गए लक्ष्य को जल्द-से-जल्द पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने तथा हाई कोर्ट के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा




प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेते हुए। आगामी 30 जून तक सोनहत विकासखण्ड को 100 तथा बैकुण्ठपुर को 200 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य दिए। कलेक्टर ने मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों में लक्ष्य के अनुरूप श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देष दिए। प्रदेष में भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने आगामी 26 जून से स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूल खुलने के पूर्व स्कूलों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही शाला प्रबंधन समिति का गठन करने को कहा है। आगामी 21 जून को विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तर कार्यक्रम आदर्श उच्चतर विद्यालय रामानुज मिनी स्टेडियम में की जाएगी। कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि जिला स्तर कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम हेतु जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई हैं वे समय पर अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करें। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी से आंगनवाड़ी केन्द्रों में सहायिका के भर्ती प्रक्रिया के प्रगति की जानकारी ली तथा शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देष दिए। कृषि विभाग के अधिकारी से लक्ष्य के विरूद्ध खाद-बीज के वितरण तथा उपलब्धता की जानकारी। उन्होंने समय पर किसानों को खाद-बीज उपलब्ध करने के निर्देश दिए।


बैठक में अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, सोनहत राकेश साहू व संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के समक्ष 38 लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किये। जनदर्षन में राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण तथा पेयजल से संबंधित आवेदनों पर कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से निराकरण योग्य आवेदनों को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की समस्या को लेकर लोक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को हैण्डपम्प खराब होने की सूचना मिलने पर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से समीक्षा करते हुए। संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व मामलों, प्रधानमंत्री आवास, मजदूरी भुगतान, पेयजल की समस्या, राशन कार्ड, सहित अन्य मामलों से सम्बंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## भगवान भरोसे मानिकपुर गार्डन की सुरक्षा

**कोरबा।** नगर पालिक निगम के मानिकपुर वार्ड क्रमांक-30 में गार्डन का निर्माण 2021 में हुआ था जिसके रखरखाव के लिए चौकीदार के लिए टेंडर हुआ था। जिसका टेंडर अमित टमकोरिया नामक ठेकेदार को मिला था जिसके द्वारा अभी तक न कोई चौकीदार रखा गया है और न ही गार्डन का रखरखाव किया जा रहा है। गार्डन की साफ-सफाई नहीं हो रही है, न ही उचित व्यवस्था किया गया है। कई बार क्षेत्र के पूर्व पार्षद सीताराम चौहान एवं अन्य लोगों द्वारा इसकी जानकारी निगम के अधिकारियों को दी गई, किंतु अधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन दिया गया लेकिन अब तक समस्या के समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। पूर्व पार्षद सीताराम चौहान ने एक बार फिर आयुक्त के साथ पत्राचार कर समस्या के समाधान के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि निगम क्षेत्र में स्थित अन्य गार्डन में भी रखरखाव व सुरक्षा का यही हाल है।

# सिकलसेल एनीमिया की चपेट में औद्योगिक जिले की 318 जिंदगी

### स्वास्थ्य विभाग दे रहा इन लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा



**कोरबा।** शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) के अंतर्गत ही शरीर की कार्यप्रणाली काम करती है। अलग-अलग प्रकार की जीवन शैली अपनाने वाले लोगों के मामले में कई प्रकार की समस्याएं आती हैं जबकि बहुत सारे मामलों में लोग निरोगी जीवन भी प्राप्त करते हैं। इन सबसे अलग हटकर कई कारण ऐसे होते हैं जो बीमारी की तरफ बढ़ा देते हैं। सिकलसेल एनीमिया इनमें से एक है, जिसने कोरबा जिले में अपनी उपस्थिति न केवल दर्ज कराई है बल्कि बढ़ोत्तरी की है। स्वास्थ्य विभाग ऐसे मामलों में लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा उपलब्ध करा रहा है।

विभाग की ओर से बताया गया कि कोरबा में अलग-अलग समुदाय के लोग सिकलसेल की चपेट में है। इनमें छोटी उम्र से लेकर उम्र दराज लोग भी शामिल हैं। ये भिन्न-भिन्न क्षेत्र के भी हैं। सिकलसेल को लेकर कई प्रकार की मान्यताएं हैं और धारणाएं भी। इन सबसे अलग हटकर विभाग लोगों को कुल मिलाकर उपयुक्त चिकित्सा लेने के लिए प्रेरित कर रहा है। बताया गया कि कई तरह की समस्याओं का एक ग्रुप जिनसे लाल रक्त कोशिकाओं का आकार बिगड़ जाता है और वे टूट जाती हैं।

सिकलसेल रोग एक आनुवांशिक विकार है जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार में परिवर्तित हो जाती हैं। कोशिकाएं जल्दी मर जाती हैं, जिससे स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं (सिकल सेल एनीमिया) की कमी हो जाती है और रक्त प्रवाह अवरुद्ध हो सकता है जिससे दर्द (सिकल सेल संकट) हो सकता है। सांस लेने में तकलीफ और थकान इस स्थिति के सामान्य लक्षण हैं, जो घातक हो सकते हैं। अंग क्षति. सिकल कोशिकाएं जो अंगों में रक्त के प्रवाह को अवरुद्ध करती हैं, प्रभावित अंगों को रक्त और ऑक्सीजन से वंचित कर देती हैं। सिकल सेल एनीमिया में रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा भी कम हो जाती है।

### दूसरे प्रभावित वाहक से न करें विवाह

सिकलसेल की बीमारी वंशानुगत प्रकृति की है और इसी हिसाब से यह आगे विस्तार पाती है। जहां भी इसकी संख्या बढ़ रही है उसके पीछे यह सिद्धांत काम करता है। स्वास्थ्य विभाग लोगों को सलाह देता है कि एक वाहक जो इस बीमारी की चपेट में है, वह दूसरे किसी वाहक से विवाह न करे। कारण यह है कि आने वाली संतति भी संक्रमित होती है और फिर सिलसिला बढ़ता है। विभाग की सलाह मानने पर बीमारी का नियंत्रण संभव है और एक स्थिति में इससे उबर सकते हैं। जिले में वर्तमान में सिकलसेल प्रभावितों की संख्या 318 है।

**डॉ. एस.एन.केसरी, सीएमएचओ कोरबा**

## खौफ नहीं हादसों का, मालवाहकों में यात्रा करने पर आमादा हैं लोग



**कोरबा।** जिले में माल वाहक वाहनों का सवारी वाहनों के रूप में इस्तेमाल खुले आम किया जा रहा है। अतिरिक्त कमाई के लालच में पीक-अप जैसे माल वाहक वाहनों में यात्रियों को भेड़-बकरियों की तरह बैठाते हुए यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। इससे आए दिन वाहन पलटने की घटनाएं सामने आ रही है।

ऐसी ही एक घटना पाली के ग्राम पंचायत पोंडी मे वाहन मालिक/चालक राम किशुन गोंड पिता संतराम द्वारा वाहन क्रमांक सीजी-10एडब्ल्यू-2953 में भेड़-बकरियों की तरह सवारियों को बैठाये जाने की घटना सामने आयी है। ऐसी ही लापरवाही बड़ी घटनाओं में तब्दील हो जाती है। ऐसे वाहन मालिकों पर एमवी एक्ट की धारा 184 और 192ए के तहत सख्ती से कार्यवाही करनी चाहिए। मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मालवाहक वाहनों को सिर्फ सामान ढोने के लिए ही प्रयोग में लाया जा सकता है। सवारियां लाना, ले जाना गैर-कानूनी है। बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन खुलेआम किया जा रहा है। पुलिस को मालवाहक वाहनों में यात्रियों को ढोने के मामले में एमवी एक्ट की धारा-184 और 192ए के तहत सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए।

## सेंट्रल स्कूल तक चलेगी बस

**कोरबा।** एचटीपीपी कालोनी में रहने वाले छात्र स्कूल बस चलाने की मांग लगातार कर रहे थे। उन्हें सेंट्रल स्कूल जाने के लिए निजी वाहन का उपयोग करना पड़ता था। बिजली कर्मचारी संघ के केदार राठौर व हेतराम खुंटे द्वारा मंडल को भी पत्र लिखा गया था। कल बिजली कर्मचारी संघ के राधेश्याम जायसवाल, अजय मिश्रा, सुनिता जायसवाल, आकाश पटेल, राजेश बंजारे, राजदेव सिंह, कुशल सोनवानी ने अधिकारियों से मुलाकात की और निवेदन किया कि एचटीपीपी में रहने वाले छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां से सेंट्रल स्कूल तक बस चलायी जाए। मंडल ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया और मांग को मान लिया है। इसकी जानकारी छात्रों को होने पर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया है।

## प्रत्यक्ष के अभाव में अप्रत्यक्ष आश्रित को नौकरी का विकल्प देगा कोल इंडिया



**कोरबा।** आश्रितों के नियोजन (9.3.0.) यानी अनुकंपा के आधार पर कोल इंडिया एव अनुषंगी कंपनियों में अब विवाहित पुत्री, विधवा बहु,दामाद को भी नोकरी मिलेगी। कोल इंडिया की ओर से जेबीसीसीआई-11 के जारी इंप्लीमेंट इंट्रक्शन में यह जानकारी दी गई हैंद्यूनियन सूत्रों ने बताया कि पति-पत्नी, बेटा-बेटी, ट्रांसजेंडर बच्चा या गोद लिया बच्चा हैं तो वैवाहिक स्थिति का ध्यान दिये बगैर नोकरी का प्रावधान हैं। यदि उपरोक्त प्रत्यक्ष आश्रित उपलब्ध नहीं हैं तो अप्रत्यक्ष आश्रित भाई बहन, विधवा बहू, दामाद आदि जो मृतक के साथ रहता था और जो मृतक की आर्थिक कमाई पर निर्भर हैं तो आश्रित माना जा सकता हैं। आश्रित की उम्र 18 वर्ष से कम व 35 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। पति-पत्नी के मामले में अधिकतम उम्र 45 वर्ष हो सकती है।

### लालडीह व खुर्रूपारा में पहुंचे हाथियों को खदेड़ा

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के जटगा में लालडीह गांव तथा एतमानगर के खुर्रूपारा में हाथियों का दल बस्ती के निकट बीती रात पहुंच गया था। जानकारी मिलने पर वन विभाग की निगरानी टीम ने मौके पर तुरंत पहुंचकर हाथियों को खदेड़ा। खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का पुन: रूख किया और जाकर छिप गए। बताया जाता है कि जटगा रेंज में केरा तथा एतमानगर में 18 हाथियों का दल इन दिनों विचरण कर रहा है। एतमानगर क्षेत्र में विचरणरत दल में एक उत्पाती दंतैल भी शामिल है जो बीच-बीच में झुंड से अलग होकर बस्ती में पहुंच जाता है और वहां जमकर उत्पात मचाता है।

## गीतकुंआरी में 7 हाथियों के दल ने डेरा डाला



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में हाथी समस्या यथावत बनी हुई है। यहां 7 हाथियों का दल विचरण कर रहा है जो विगत 5 दिनों से गीतकुंआरी के जंगल में डेरा डाल दिया है। हाथियों के क्षेत्र में मौजूद रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि हाथियों ने अब तक यहां बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी ग्रामीणों को डर है कि कहीं क्षेत्र के जंगल में मौजूद हाथी उनकी बस्ती में घुसकर जान-माल को नुकसान न पहुंचा दे। वन विभाग का अमला हाथियों की लगातार निगरानी में जुटा हुआ है। उनकी लगातार यह कोशिश है कि हाथी जंगल ही जंगल विचरण करता रहे और आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचने न पाए। गीतकुंआरी व आसपास के गांव में वन विभाग लगातार मुनादी करा रहा है। ग्रामीणों को सावधान करने के साथ ही हाथियों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। उधर कुदमुरा जंगल में अचानक धमके लोनर हाथी ने एक बार फिर धरमजयगढ़ का रूख कर लिया है। दंतैल यहां जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1140 में विचरण कर रहा था, लोनर के अन्यत्र जाने से ग्रामीण व संबंधित वन अमले ने राहत की सांस ली है।

## वेल्फेयर कमेटी के सदस्यों ने समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा

**कोरबा।** एसईसीएल केन्द्रीय कर्मशाला वेल्फेयर कमेटी के सदस्यों ने अधिकारियों के साथ कालोनी का निरीक्षण किया। बरसात से पूर्व आवासों में पानी न घुसे इसके लिए भी निचले क्षेत्र में जाकर अवलोकन किया गया। इसके अलावा आवासों में लगे खिड़की व दरवाजों का अवलोकन करते हुए बदलने का मांग पत्र बनाया गया। आवासों में लगे बिजली वायरिंग पुराने हो चुके है, इन्हें भी बदलने की आवश्यकता है। वेल्फेयर कमेटी के सदस्य दिनेश साहू, एनके साव, बाबूलाल चंद्रा, विपिन सिंह सहित अन्य सदस्यों ने कोयला कामगारों से मुलाकात करते हुए अन्य समस्याओं को जाना। इस संबंध में उन्होंने प्रबंधन से मुलाकात की। प्रबंधन ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मांग पत्र सौंपने को कहा है ताकि विचार कर कार्यों को शुरू किया जा सके।

### शराब से बनाई दूरी

**कोरबा।** जहरीली शराब से कोटमेर में तीन लोगों की पिछले दिनों हुई मौत के बाद यहां के लोगों ने शराब से दूरी बनाने का प्रण

### साल का गोला जब्त

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मंडल में साल पेड़ की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। रामपुर गांव में एक ग्रामीण के घर छापामार कार्यवाही कर वन अमले ने 20 साल का गोला बरामद किया है। इसकी कीमत लगभग 67 हजार रूपए बताई गई है। कहा गया हैं की जंगल से काटकर इसे लाया गया था। एतमानगर रेंज में अवैध कटाई कर घर में लकड़ी भंडारण की सूचना रेंजर देवदत्त खांड को मिली थी। उन्होंने एसडीओ संजय त्रिपाठी को जानकारी देने के बाद जांच दल गठित कर कार्यवाही करने को कहा। जांच दल ने रामपुर निवासी के घर की बाड़ी की तलाशी ली गयी तो वहां अवैध रूप से कटाई कर रखे 20 गोला साल के मिले, जिसे जब्त किया गया। ग्रामीण लकड़ी के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। मामले में वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। इस क्षेत्र में पहले भी अवैध कटाई के मामले में कार्यवाही की जा चुकी है।

## रिश्वतखोर अधिकारियों के घर में एसीबी की टीम ने दी दबिश

**कोरबा।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) बिलासपुर की टीम ने मंगलवार को नगर पालिक निगम के दो बड़े अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की थी। जांच आगे बढ़ाते हुए भ्रष्ट अधिकारियों घर तक टीम जा पहुंची है। नगर निगम जोन दफ्तर से रंगे हाथ पकड़ने के बाद दोनों अधिकारियों को सीधे एसीबी की टीम उनके उनके घर लेकर पहुंची। अफसरों ने बताया कि जहां पहले से एसीबी के जवानों की तैनाती की गई थी। इस कार्रवाई से अन्य अफसरों में हड़कंप मच गया है।

मामला नगर पालिक निगम कोरबा के अधीनस्थ दर्री जोन कार्यालय का है। निगम अधिकारी (एसडीओ) डी.सी. सोनकर ने प्रार्थी मानक राम साहू (ठेकेदार) से निर्माण कार्य सम्बंधित उपयोग भुगतान किए गए,रनिंग बिल व फाइनल बिल की राशि लगभग 21 लाख रुपये में से 2 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई थी। जो कि कुल 42 हजार रुपये हो रही थी। लेकिन प्रार्थी द्वारा रिश्वत नहीं देने का मन बनाकर इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में की थी। वही शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर आरोपी सोनकर द्वारा 42 हजार की जगह 35000 रुपये लेने हेतु सहमती दी गई। जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक अजितेश सिंह की अगुआई में 9 सदस्यों टीम ने निगम के दर्री जोन कार्यालय में दबिश देकर दोनों अधिकारियों को रंगे हाथ धर दबोचा। वही एसीबी टीम की योजना अनुसार आरोपी सोनकर को 35 हजार रुपये देने गया तो सोनकर ने अपने सब इंजीनियर देवेंद्र स्वर्णकार को देने हेतु प्रार्थी मानक राम साहू (ठेकेदार) को कहा। जिस पर प्रार्थी द्वारा आरोपी देवेंद्र को रिश्वत की रकम दर्री जोन कार्यालय में दिया। दोनों अधिकारी रिश्वत लेते रकम के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया है। वही दोनों अधिकारियों के घर की भी तलाशी ली गई है। जिसमें एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को अहम दस्तावेज के साथ कोई बड़ा सुराग हाथ लगने की जानकारी मिल रही है। आने वाले दिनों में इसका बड़ा खुलासा होने की संभावना है। आरोपी दोनों अधिकारियों को अभिरक्षा में लेकर उनके विरुद्ध धारा 7,12 पीसी एक्ट 1988 के तहत कार्यवाही की गई है। इस पूरे मामले में निगम अधिकारियों के मध्य हड़कंप मचा हुआ है और यही भय सता रहा है की अगला नंबर किसका होगा। वही नगर पालिका निगम के दोनों अधिकारियों को पुलिस न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमांड में लेने की कोशिश करेगी। ताकि उनसे पूछताछ कर सके। संबंधित अधिकारियों के भ्रष्टाचार का कनेक्शन कहां तक जुड़ा है जिसका खुलासा हो सके। इन दोनों अधिकारियों के साथ और किनकी भागीदारी है इसकी भी तह तक पहुंचने की कोशिश एसीबी की टीम कर रही है।

## कोयलांचल में आज सांसद के कार्यक्रम से पहले युकां की रैली

**कोरबा।** सांसद ज्योत्सना महंत के दीपका पहुंचने पर आज शाम को युवक कांग्रेसी मोटर सायकल रैली निकालेंगे। ज्योत्सना महंत को दीपका चौक से स्नेह भवन तक रैली निकालते हुए ले जाएंगे। जिसकी तैयारी युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान, शत्रुहन पटेल, भरत मिश्रा के द्वारा की जा रही है। स्नेह भवन में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेता तनवीर अहमद , प्रशांति सिंह, विशाल शुक्ला के नेतृत्व में तैयारी की जा रही है। बांकीमोंगरा में भी युवक कांग्रेसी आज मोटर सायकल रैली निकालेंगे इंदिरा नगर स्वागत द्वारा के निकट से युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकास सिंह, फिरोज अनंत, कमल मनहर, रैली निकालकर ले जाएंगे। मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रूपा मनहर, संतोषी चौहान, गीता बड़ा सहित सभी काग्रेंसियों द्वारा तैयारी की जा रही है।

## वृक्षारोपण की तैयारी में जुटा वन अमला

**कोरबा।** बालको वन परिक्षेत्र का अमला रेंजर जयंत सरकार के नेतृत्व में वृक्षारोपण की तैयारी में जुट गया है। इसके लिए स्थल का चयन करने के साथ ही वहां गड्ढा खोदाई व फेंसिंग तार लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। बालको वन परिक्षेत्र में इस वर्ष 34 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें बेलाकछार, सोनपुरी व नवाडीह गांव शामिल है। इन गांवों के चयनित स्थल पर मिश्रित प्रजाति के पौधे रोपे जाएंगे। वन विभाग इसके लिए मानसून आने का इंतजार कर रहा है। बारिश शुरू होते ही पौधों को रोपा जाएगा और इसका संरक्षण करने के साथ ही हरित क्षेत्र विकसित किया जाएगा, जो पर्यावरण की रक्षा करने में मददगार साबित होगा।

### पुल में रेलिंग नहीं होने से दुर्घटना की आशंका

**कोरबा।** रजगामार के गोड़मा खदान जाने के लिए पत्रकारों को पुल पार करना पड़ता है। इस पुल पर रेलिंग नहीं लगाया गया है। दुर्घटना की आशंका को देखते हुए एसईकेएमसी के रामनाथ कश्यप ने इस मामले को उठाया है और कहा कि पुल पर रेलिंग लगाना जरूरी है। कोयला कामगार वाहन में सवार होकर पुल पार करते हैं। कई वर्षों से रेलिंग लगाने की मांग की जा रही है। प्रबंधन को इस मामले को गंभीरता से लेना होगा।

### सक्ते में हैं जिले अनेक अधिकारी

**कोरबा।** नई सरकार के गठन के बाद भ्रष्टाचार में नकेल कसने के लिए कार्रवाई जारी है। कोरबा जिले में ईडी के बाद एसीबी की धमक हुई है। निगम के दो अधिकारी हत्थे क्या चढ़े, दूसरे अधिकारियों को सांप सूंघ गया है।

# यातायात करेंगे बेहतर, मनमानी करने वाले वाहनों पर लॉक

### अब ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू हुई रोकथाम के लिए

**कोरबा।** औद्योगिक नगर कोरबा में मुख्य मार्ग पर मनमाने पार्किंग के कारण यातायात बाधित होने का संकट ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ आम लोगों को परेशान कर रहा है। कई स्तर पर दी गई समझाईश का खास असर नहीं होने के बाद यातायात पुलिस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया। रास्तों पर बेतरतीब तरीके से खड़े मिले वाहनों को लॉक करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। इसे लगातार जारी रखने की नीति पर काम किया जाएगा।

यातायात प्रभारी गोवर्धन मांझी के नेतृत्व में उनकी टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर, पीएच रोड और निहारिका क्षेत्र में इस तरह का अभियान प्रारंभ किया। कुछ समय से मिल रही शिकायतों और प्रत्यक्ष रूप से दिख रही तस्वीर पर संज्ञान लेने के साथ अभियान को हाथ में लिया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन, एडिशनल एसपी यूबीएस चौहान व नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने व्यवस्था को उपयुक्त करने पर ध्यान दिया है।





ग्रीष्मकाल में कई प्रकार से नियमों को शिथिल किया गया था और शहर स्तर पर चौराहों में लगने वाले जाम के दौरान राहत देने के लिए संक्षिप्त विकल्प अपनाए गए थे। मौसम के तेवर नरम पड़ने के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में दोपहर से रात तक वाहनों को कहीं भी मनमाने तरीके से खड़े करने को लेकर वाहन चालक उतावले नजर आ रहे हैं। मुख्य मार्ग पर स्थित होटलों में पार्किंग की सुविधा न होने से वाहनों का दबाव मार्ग के किनारे ही बढ़ रहा है। व्यवसायिक परिसरों के आसपास भी यही हाल है। यहां तक कि आधी सड़क ऐसे वाहनों से इंगेज हो रही है। ऐसे में सामान्य आवाजाही पर असर पड़ रहा है। यातायात पुलिस ने इस प्रकार की अंधेरगर्दी पर नकेल कसने के लिए सभी प्रकार के वाहनों पर लॉक करने की कार्रवाई तेज कर दी। संबंधितों पर यातायात नियमों के तहत पेनाल्टी लगाई गई। ऐसे मामलों में किसी भी तरह के एप्रोच को हासिए पर कर दिया गया है। कहा गया कि सबसे पहले नियम पालन जरूरी है। ऐसा बिल्कुल नहीं होगा कि किसी की भी मनमानी का खामियाजा दूसरे लोगों को भुगतना पड़े।

### 2023 के मुकाबले 400 प्रतिशत ज्यादा कार्रवाई

पुलिस ने बताया कि इस वर्ष अब तक 1107 वाहन चालकों के विरूद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 10 लाख 70 हजार रुपए की पेनाल्टी वसूल की गई है। वर्ष 2022 में की गई कार्रवाई के सापेक्ष यह 200 प्रतिशत और 2023 की तुलना में 400 फीसदी की वृद्धि है। 2022 में पूरे वर्ष इस प्रकार की कार्रवाई 529 थी जबकि 2023 में यह आंकड़ा 265 था। जबकि इस वर्ष साढ़े पांच महीने में रिकार्ड संख्या के साथ कार्रवाई की गई। शराब पीकर वाहन चलाने के प्रत्येक प्रकरण में 10 हजार रुपए की पेनाल्टी जमा कराई गई है। जबकि बाकी में कार्यवाही लंबित है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com